आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 200 | हापुड़ , बुधवार 5 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## पीएम मोदी ने लोकसभा में आरके लक्ष्मण के कार्टून का जिक्र कर पूर्व पीएम राजीव गांधी पर कसा तंज

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में एक पुराने कार्टून का जिक्र करते हुए पूर्व पीएम राजीव गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक पीएम थे, जो लगातार 21वीं सदी की बात करते थे, उस वक्त आरके लक्ष्मण ने एक बेहद दिलचस्प कार्टून बनाया था। वो कार्टून उस वक्त तो मजेदार था, लेकिन बाद में सच हो गया। कार्टून काफी दिलचस्प था। इसमें पायलट के साथ एक हवाई जहाज दिखाया गया। अब, उन्होंने पायलट क्यों चुना, मुझे नहीं पता। वहां कुछ यात्री बैठे थे और हवाई जहाज एक ठेले पर रखा हुआ था, जिसे मजदूर धकेल रहे थे, जिस पर 21वीं सदी लिखा हुआ था। उस वक्त ये कार्टून एक मजाक जैसा लग रहा था, लेकिन आखिरकार ये सच साबित हुआ। वो कार्टून एक उदाहरण था कि कैसे प्रधानमंत्री की बातें हवा हवाई और वास्तविकता से दूर थीं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज जब मैं पिछले दस वर्षों में पीछे मुड़कर स्थिति को करीब से देखता हूं, तो मुझे गहरी पीड़ा होती है। जो काम दशकों पहले हो जाना चाहिए था, उसे करने में हम 40-50 साल देर कर चुके हैं। जब लोगों ने हमें सेवा करने का मौका दिया, हमने युवा आकांक्षाओं, अधिक अवसर पैदा करने और कई क्षेत्रों को खोलने पर ध्यान केंद्रित किया। परिणामस्वरूप भारत के युवा अब वैश्विक मंच पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले बम धमाकों और गोलीबारी ने नागरिकों का जीना



मुश्किल कर दिया था। हमने धीरे-धीरे उन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण की दिशा में काम किया। 2013-14 में आयकर छूट की सीमा केवल दो लाख थी, लेकिन आज इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे कर में राहत मिलेगी। हमने स्कूलों में 10,000 टिंकरिंग लैब स्थापित किए हैं और आज इन लैब के बच्चे अपने रोबोटिक्स नवाचारों से सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। इस बजट में छात्रों में नवाचार और रचनात्मकता को और बढ़ाने के लिए 50,000 नई टिंकरिंग लैब का प्रावधान किया गया है। पीएम मोदी ने कहा, हम युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर लगातार काम कर रहे हैं। लेकिन कुछ पार्टियां ऐसी हैं, जो युवाओं को धोखा दे रही हैं। वे चुनाव के समय भत्ते का वादा करते हैं, लेकिन उन वादों को पूरा नहीं करते। ये पार्टियां युवाओं के भविष्य पर आपदा डाल रही हैं। हरियाणा में देश ने देखा है कि हम कैसे काम करते हैं। हमने नौकरियों का वादा किया और सरकार बनते ही युवाओं को नौकरियां मिलीं। हमने जो किया, उसका परिणाम है कि हमने तीसरी बार हरियाणा में शानदार जीत दर्ज की। महाराष्ट्र में भी हमें ऐतिहासिक नतीजे मिले और लोगों के आशीर्वाद से हम चुनाव जीतने में कामयाब रहे। पीएम मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, भारतीय राज्य को चुनौती दे रहे हैं और उसके खिलाफ लड़ाई का ऐलान कर रहे हैं। यह भाषा बोलने वाले न तो संविधान को समझते हैं और न ही देश की एकता को। सात दशकों तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ, बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना से जीते हैं, और इसलिए हम मजबूत निर्णय लेते हैं। हमारा संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता। जो लोग संविधान को अपनी जेब में रखकर जीते हैं, उन्हें नहीं पता कि आपने मुस्लिम महिलाओं को किस तरह की कठिनाइयों में रहने के लिए मजबूर किया।

## राष्ट्र हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं राहुल- राजनाथ



नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने श्री गांधी के भारत चीन सीमा के बारे में सेना प्रमुख के हवाले से दिए गए बयान पर खेद जताया है और कहा है कि श्री गांधी ने संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान के बारे में झूठे आरोप लगाए हैं। रक्षा मंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा,सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में ये विवरण साझा किए हैं। श्री गांधी द्वारा सेना प्रमुख के लिए कहे गए शब्द कभी भी उनके द्वारा नहीं बोले गए थे। यह बहुत खेद की बात है कि श्री राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिस पर चीन ने कब्ज़ा किया है, तो वह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 1963 में पाकिस्तान द्वारा चीन को अवैध रूप से सौंपे गए 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र हैं। श्री गांधी हमारे इतिहास के इस चरण के बारे में आत्मनिरीक्षण करने पर विचार कर सकते हैं।

## डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन आपस में टकरा रहे हैं -अखिलेश

नई दिल्ली । समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर आज तीखे प्रहार किए। कहा कि डबल इंजन की सरकार के दोनों इंजन आपस में टकरा रहे हैं और महाकुंभ त्रासदी पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा कराने की मांग की। यादव ने संसद के संयुक्त अधिवेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए अध्यक्ष ओम बिरला से मांग की कि चर्चा पूरी होने के बाद सदन में दो मिनट तक महाकुंभ में भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाए। उन्होंने सत्तापक्ष द्वारा इस पर आपत्ति किए जाने पर कहा कि जिनको इससे तकलीफ हो रही है, उन्हें मौतों से दुख होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बजट के खूब आंकड़े दे रही है तो महाकुंभ में मृतकों के आंकड़े भी दे देते। उन्होंने कहा कि महाकुंभ त्रासदी पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा की जाये तथा महाकुंभ में आपदा प्रबंधन और खोया पाया प्रबंधन का काम सेना को देना चाहिए। हादसे के जिम्मेदार लोगों पर घोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि हादसे को लेकर यदि अपराधबोध नहीं है तो साक्ष्य क्यों मिटाए गए या



छिपाए गए। इंतजाम की जगह प्रचार का ध्यान रहा। बार बार प्रचारित किया गया कि 144 साल बाद महाकुंभ आया है। पहली बार सीसीटीवी के प्रयोग से सरकार स्नान करने वालों का आंकड़ा बताया। लेकिन लाइवस्ट्रीमिंग करने वालों ने मृतकों का आंकड़ा नहीं दिया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सतयुग से चली आ रही नक्षत्रीय मुहूर्त में शाही स्नान की परंपरा टूट गयी और सरकार के निर्देशों के अनुसार संतों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि लोग पुण्य कमाने आये थे लेकिन अपनों के शवों को लेकर गये। उन्होंने कहा कि शवग्रहों में शव पड़े थे और सरकार हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा करवा रही थी। सरकार स्वीकार नहीं कर रही थी कितनी लाशें पड़ी हैं, कितनी चप्पलें, कितने कपड़े पड़े थे। जेसीबी मशीनों से ट्रैक्टर ट्रॉली से सामान उठवाया। मीडिया को दबाव एवं प्रलोभन से मैनेज किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के शोक संदेश के बाद शोक जताया। यादव ने अभिभाषण पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का इस्तेमाल अपनी छवि चमकाने और दूसरे की बरबाद करने के लिए किया गया है। इन्वेस्टर मीट में केन्द्रीय मंत्री एवं प्रधानमंत्री जाते हैं और बड़ी बड़ी घोषणाएं होतीं हैं। लेकिन आज यह नहीं बता सकते कि कितने प्रस्ताव जमीन पर उतारे गये। ये डबल इंजन की सरकार के दोनों इंजन ही आपस में टकरा रहे हैं और अब डिब्बे भी टकराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव के बीच राष्ट्रपति अभिभाषण में मेट्रो की लाइनें दोगुनी होने की बात कही। जिसे क्योतो बनाने का सपना देखा गया थी उस बनारस में मेट्रो आज तक क्यों नहीं आ पायी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लखनऊ कानपुर, आगरा, नोएडा-जितनी भी मेट्रो चल रही हैं, सब की सब की योजना समाजवादी सरकार ने बनाई थी। जहां तक दिल्ली के विकास की बात है तो केन्द्र सरकार जिस दिन हस्तक्षेप बंद कर दे तो दिल्ली का विकास अपने आप हो जाएगा। यादव ने नदी जोड़ा योजना, एक्सप्रेसवे योजनाओं के लिए समाजवादी पार्टी को श्रेय दिया और कहा कि योगी सरकार में बना बुन्देलखंड एक्सप्रेस आज ही मेन्टेनेंस में फंसा है। उद्घाटन के बाद पानी बरसते ही बह गया था। जबकि 21 माह के रिकॉर्ड समय में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे बनाया और वायुसेना के सुखोई एवं मिराज जैसे विमान उतार कर उद्घाटन किया था। किसानों को उचित मुआवजा दिया था। लेकिन योगी जी के समय घोषित 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे आज तक पूरा नहीं हो सका। उन्होंने केन्द्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आपके किसान पैकेज कोई कंजूस बनाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोहिया सौर ऊर्जा की परियोजनाएं लागू की गई थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि चीन को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस के अपने अपने विचार हैं। एक समय हमने लाखों हेक्टेयर जमीन खोई है और आज भी उसी रास्ते चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जातिगत गणना की मांग आरक्षण की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए है। अगर कांग्रेस पहले हमारे पक्ष में होती तो हमें मांगना नहीं पड़ता। यादव ने कहा कि जिस समय बाजार खोला गया था, उसी समय मैन्युफैक्चरिंग पर ध्यान दिया होता तो हम चीन से आगे होते। देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे की बात कही गयी है। लेकिन उत्तर प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का एक भी एक्सप्रेसवे नहीं है। तृणमूल कांग्रेस के प्रो सौगत राय ने कहा कि अभिभाषण में किसानों के अनशन, कुंभ के हादसे और जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था 32 ट्रिलियन डॉलर और चीन की अर्थव्यवस्था। 9 ट्रिलियन डॉलर की है लेकिन हम 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने में छाती पीट रहे थे।

## महाकुंभ में भगदड़ कोई बड़ी घटना नहीं थी, इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है- हेमा मालिनी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की (भाजपा) सांसद हेमा मालिनी ने मंगलवार को कहा कि महाकुंभ में भगदड़ कोई ''बड़ी घटना'' नहीं थी और इसे ''बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।'' उन्होंने यह भी कहा कि इस धार्मिक आयोजन को बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। प्रयागराज में जारी महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मच गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसमें कम से कम 30 लोगों की जान चली गई और 60 लोग घायल हो गए। संसद भवन परिसर में हेमा मालिनी ने संवाददाताओं से कहा, ''हम कुंभ गए थेज्हमने बढ़िया स्नान कियाज्सब कुछ अच्छे से प्रबंधित किया गया था। यह सही है कि घटना (भगदड़) हुई इतना कुछ बड़ा नहीं हुआ। मुझे नहीं पता कि यह कितनी बड़ी थी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा हैज्बहुत अच्छे से प्रबंधित किया गया है और सब कुछ बहुत अच्छे से है बहुत सारे लोग आ रहे हैं, इसे प्रबंधित करना बहुत मुश्किल है लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।''अभिनेत्री से राजनेता बनी हेमा मालिनी ने भगदड़ वाले दिन महाकुंभ में स्नान भी किया था। विपक्षी सदस्यों द्वारा सरकार पर भगदड़ में मरने वालों की संख्या छिपाने का आरोप लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''वे जो कहना चाहते हैं, कहेंगे गलत बातें कहना उनका काम है।'' महाकुंभ में भगदड़ का मुद्दा मंगलवार को दोनों सदनों में उठाया गया। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार भगदड़ में मरने वालों की संख्या छिपा रही है और मेले के आयोजन में ''कुप्रबंधन'' को छिपाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने महाकुंभ में भगदड़ की घटना को ''स्वतंत्र भारत की सबसे बुरी घटनाओं में से एक'' बताते हुए कहा कि सरकार को मृतकों की 'सही संख्या' जारी करनी चाहिए। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य विपक्षी नेताओं ने सोमवार को संसद में इस मुद्दे को उठाया और मृतकों की सूची की मांग की। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा कि उसे भगदड़ के पीछे साजिश का अंदेशा है और जांच पूरी होने के बाद इसके लिए जिम्मेदार लोगों को शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा।

## महाकुंभ में और बड़ा हादसा चाहते थे खरगे, अखिलेश- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग (अखिलेश और खरगे) व कुछ सनातन विरोध तत्व चाहते थे कि महाकुंभ में और बड़ा हादसा हो।
मुख्यमंत्री का यह बयान खरगे और यादव द्वारा लोकसभा में संगम में 29 जनवरी को घटी घटना के संबंध में दिए गए बयान के जवाब में आया है। महाकुंभ में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 लोग घायल हुए थे। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में संवाददाताओं से कहा, जहां एक ओर पूरा देश और दुनिया सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर गौरव की अनुभूति कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षड़यंत्र करने वाले तत्वों द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ये लोग (अखिलेश और खरगे) कुछ सनातन विरोध तत्व चाहते थे कि महाकुंभ में और बड़ा हादसा हो। योगी ने कहा, देश की संसद में मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव का बयान इस ओर सबका ध्यान आकर्षित करता है। ये दोनों वक्तव्य ना केवल इनके



सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर करते हैं बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार इस महाकुंभ के खिलाफ पहले दिन से दुष्प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, इनका यह बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय और शर्मनाक भी है। कांग्रेस अध्यक्ष का यह कहना कि प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन हजारों लोग मर गए, हमें अफसोस है कि इतना वरिष्ठ नेता इतना गुमराह करने वाला बयान देते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे ही अखिलेश यादव का बयान है। दोनों दलों में प्रतिस्पर्धा है कि कौन कितना सनातन विरोधी बयान दे सके। मेला प्रशासन ने जो आंकड़े दिए वे मैंने भी सबके सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस त्वरित गति से पुलिस और प्रशासन ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया, अपने आप में एक मिसाल है। योगी ने कहा कि उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में उपस्थित थे और ये दोनों दल चाहते थे और सनातन विरोधी चाहते थे कि बड़ा हादसा हो जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता थी कि हम इस आयोजन को शून्य हादसे पर लेकर जाएं लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घट गई। घायलों का हमने उचित इलाज कराया और आज भी कुछ लोग प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा, मैंने और हमारे मंत्रियों, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने उन घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। सभी ने कहा कि व्यवस्था में खामी नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य से यह घटना घटी। सरकार इस घटना के सभी पहलुओं की जांच करा रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, उस दिन आठ से 10 करोड़ लोग प्रयागराज में उपस्थित थे और हमारी पहली प्राथमिकता थी कि उन लोगों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाना। इन दलों और सनातन विरोधियों का यह बयान कि लाखों लोगों ने स्नान नहीं किया, पूरी तरह से गुमराह करने वाला है। यह बयान सनातन धर्म की अवमानना ही नहीं, इसे बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। कोई परंपरा बाधित नहीं हुई।

## महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए भूटान नरेश

महाकुंभनगर । भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई और महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए। भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया। दोनों महानुभावों ने मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से भूटान नरेश को छोटा चांदी का कलश सौंपा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्यल वांगचुक ने गंगा की जलधारा पर कलरव कर रहे साइबेरिया पक्षियों को अपने हाथों में पीले रंग की बास्केट में दाना रखकर चुगाया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद



दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुम्भ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता %नंदी% और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंध पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण है- जयशंकर

नई दिल्ली । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि इतनी अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में भारत-यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंधों का होना ''स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण कारक'' हो सकता है। दोनों पक्षों के बीच संबंध पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण हैं। यहां आईआईसी-ब्रूगेल वार्षिक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना यह भी कहा कि ''हमारे अपने महाद्वीप में, अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना की गई है, जिसके गंभीर परिणाम हुए हैं।'', ''यहां तक कि लोकतंत्र और सैन्य शासन जैसे सवाल पर भी पूर्व में हमारे पड़ोसियों और पश्चिम में हमारे पड़ोसियों के लिए अलग-अलग मानदंड लागू किए गए हैं।'' दूसरी आईआईसी-ब्रूगेल वार्षिक संगोष्ठी चार से 12 फरवरी तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में आयोजित की जा रही है। ''दुनिया इस समय दो बड़े संघर्षों से गुजर रही है, इन्हें अक्सर सिद्धांत के मामले के रूप में पेश किया जाता है। हमें बताया जाता है कि विश्व व्यवस्था का भविष्य ही दांव पर लगा है। फिर भी, रिकॉर्ड से पता चलता है कि इन सिद्धांतों को कितने चुनिंदा और असमान रूप से लागू किया गया है।'' अपने संबोधन में उन्होंने व्यापार और डिजिटल प्रौद्योगिकी, जलवायु कार्रवाई तथा भू-राजनीति के साथ



उनके अंतर्संबंध के पहलुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज विश्व व्यवस्था को और स्पष्ट किये जाने के बारे में चर्चा हो रही है।, ''तथ्य यह है कि जिस आम सहमति के आधार पर यह बनाई गई है, उसने पहले भी बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है।'' विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ''हम वास्तव में बहुध्रुवीयता और पुनः संतुलन के दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जितनी जल्दी हम इस वास्तविकता को स्वीकार कर लेंगे, हम सभी के लिए उतना ही बेहतर होगा।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका सामना आज भारत और यूरोपीय संघ कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि जब हम उचित नीतियों और प्रतिक्रियाओं पर विचार करें, तो बातचीत में ईमानदारी का भाव हो। हमारे हित और मूल्य स्पष्ट रूप से समान हैं, प्राथमिकता और विशिष्टता पर कुछ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जो चीज हमें जोड़ती है वह कहीं अधिक मजबूत भावना है।'' ''आखिरकार हम राजनीतिक लोकतंत्र, बहुलवादी समाज और बाजार अर्थव्यवस्थाएं हैं।'' मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे दोनों पक्ष जारी बदलावों की समीक्षा करेंगे, यह संभावना है कि ''बैठक में चर्चा किये जाने वाले हमारे मुद्दे बढ़ेंगे।'' जयशंकर ने कहा, ''इसके अलावा, ऐसी दुनिया में जो इतनी अस्थिर और अनिश्चित है, भारत-यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंध एक महत्वपूर्ण कारक हो सकता है।'' उन्होंने कहा कि भारत निश्चित रूप से पिछले कुछ वर्षों में यूरोप की अधिक रणनीतिक जागरूकता से परिचित है।
विदेश मंत्री ने कहा, ''हम पहले से ही ऐसा होते हुए देख रहे हैं, उदाहरण के लिए, रक्षा और सुरक्षा तथा प्रौद्योगिकी सहयोग में। मुख्य बात यह है कि हमारे भारत-यूरोपीय संघ संबंध पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण है।''

# संपादकीय

## सुखी जीवन का उपहार

ज्ञान बांटने से बढ़ता है। यदि इसे आप अपने तक ही सीमित रखेंगे तो यह खत्म हो जाएगा। अब कैसे इस ज्ञान को फैलाना है, इसके लिए निपुणता की आवश्यकता है। कई लोग ऐसे हैं, जिनके जीवन में मन की गहराई और सच्चाई (लगन) का नाम नहीं। लोगों को इस तथ्य से अवगत कराना आप पर निर्भर है। इसीलिए सत्संग का विधान है। सत्संग मतलब सत्य का साथ। आम आदमी के लिए सब कुछ सीखना संभव नहीं। मगर आप ऐसा कुछ सीख सकते हैं जिससे आप सब कुछ जान सकते हैं। ज्यादातर लोग सोचते हैं कि संतोष की अनुभूति एक तरह की चरम सीमा है, जहां से आगे आप कुछ और अनुभव नहीं कर पाते। लेकिन संतोष से यह मतलब नहीं है कि सब कुछ मिल गया। बस अब चुपचाप बैठ जाओ। मैं कहता हूं कि अपना काम करते वक्त पूरी तरह उसमें लीन रहो। यह एक तरह का संतोष है, जिसमें उत्साह है, शक्ति है। यहीं पर सच्चा सुख है। इसी को कर्मयोग कहते हैं। आपको पता है कि आप कोई भी कार्य कर्मयोगी या अकर्मयोगी बनकर कर सकते हैं। मान लीजिए आप कोई स्कूल शिक्षक हैं। आप जब हर रोज स्कूल जाते हैं तो यह सोचकर जाते हैं कि आज विद्यार्थियों के लिए कौन सा पाठ तैयार करेंगे। या आप पढ़ाई को ज्यादा रसपूर्ण, ज्यादा आनंददायी कैसे बनाएं! यह एक कर्मयोगी शिक्षक की सोच है। इसके ठीक विपरीत अकर्मयोगी शिक्षक सोचता है कि वह कब अपनी पढ़ाई खत्म करे। उसकी पढ़ाई घंटी बजने से पहले ही खत्म हो जाती है। अकर्मयोगी शिक्षक का पूरा ध्यान ज्यादातर समय महीने के आखिर में मिलने वाले अपने वेतन पर ही लगा रहता है। और किसी बात से उसे मतलब नहीं होता। इसी तरह आप कर्म या अकर्मयोगी गृहिणी हो सकती हैं। कर्मयोगी पत्नी घर के सदस्यों और घर की छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखती है और अकर्मयोगी पत्नी घर की किसी बात से ज्यादा मतलब नहीं रखती कि घर में क्या हो रहा है और क्या नहीं हो रहा है। इस तरह हम जिंदगी के सभी कार्य कर्मयोगी या अकर्मयोगी बनकर करते जाते हैं।

## यूं सजाएं अपना आशियाना

घर छोटा हो या बड़ा, चाहत सिर्फ इतनी रहती है कि अपना घर सबसे अलग और सुंदर नजर आए। सूझबूझ से आप भी घर को सुंदर बना सकती हैं। यदि आप घर को नेचुरल लुक से संवारना चाहती हैं तो उसके लिए फूलों का प्रयोग करें। फूल यदि प्राकृतिक ले सकें तो ठीक, वरना बाजार में मिलने वाले आर्टिफिशल फूलों का प्रयोग करें। कोशिश करें कि एक कमरे में एक से ज्यादा फूलदान ना हों। यदि रखने ही हों तो सबसे पहले सबसे छोटा और सबसे आखिरी में बड़े साइज वाला फूलदान रखें। घर सजाने के लिए कैंडल का प्रयोग भी कर सकती हैं। फूलों से सजाएं- कैंडल सजाते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि वे विषम संख्या में हों। ड्राइंग रूम बड़ा हो तो चारों कोनों में चार नहीं भी लगा सकें तो कम से कम दो कोनों में हैंगिंग लैंप लगाएं। हालांकि, ड्राइंग रूम में ट्यूब लाइट से परहेज करना बेहतर होता है। ड्राइंग रूम में अगर दो खिड़कियों के बीच लंबा गैप हो तो वहां लंबी तस्वीरों की जगह चैड़ी तस्वीरों का प्रयोग करें। ऐसा करने से कमरा खाली-खाली नहीं लगेगा। आकर्षक फर्नीचर- ड्राइंग रूम का फर्नीचर सदैव आकर्षक रखें। इसका डिजाइन परंपरागत हो या आधुनिक, लुभावना होना चाहिए। दीवार पर हाथ से सुंदर मोटिफ, बेल या फूल बनाएं। इस सजावट के बाद आपको वॉल पेपर की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन दिनों बाजार में सोफा कवर के लिए फ्लोरल फैब्रिक का अधिक चलन है। यह घर को मॉडर्न लुक देता है। कर्लड ग्लासेस और स्टोन का प्रयोग भी कमरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए कर सकती हैं। जगह बचाने के लिए कम जगह घेरने वाले फर्नीचर का प्रयोग करें। इसके अलावा आप जैपनीज स्टाइल के बेड का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। कुशंस से सजाकर नया लुक- अगर जगह कम हो तो ड्राइंग रूम में कॉम्पैक्ट स्टूल बेड या चेयर बेड का इस्तेमाल करें। इन दिनों सोफा कम बेड कई शेप में आ रहे हैं। अपने बजट और आवश्यकता के हिसाब से इनका चयन करें। साधारण सोफा सेट को कलरफुल कुशंस से सजाकर नया लुक दिया जा सकता है। मॉडर्न और ओल्ड वर्जन का फ्यूजन करने में संकोच न करें। इसके लिए पुराने जमाने के टेलीफोन या ग्रामोफोन भी सजावट के तौर पर इस्तेमाल कर सकती हैं। गिंग लाइट्स या फ्लोर स्टैंडिंग, स्टैंडर्ड लैंप जैसी डेकोरेटिव लाइट्स के प्रयोग से कमरे की शोभा बढ़ जाती है। घर को स्टाइलिश लुक देने के लिए अपने बजट के अनुसार हल्की-फुल्की एक्से सरीज खरीदें, जैसे-ग्लास पीसेस, फ्लावर पॉट वगैरह। पर्दों के लिए सिल्क के कपड़ों में स्ट्राइप्ड या वर्टीकल स्ट्राइप डिजाइन किए गए फैब्रिक का प्रयोग बेहतर होगा। कमरे को बड़ा लुक देने के लिए छोटे पैटर्न और डिजाइन वाले कालीन का प्रयोग करें। घर के फर्नीचर से लेकर कमरे के साज-सामान तक के लिए गहरी लाइन वाले फैब्रिक चुनें। इस तरह थोड़ी-सी समझदारी और सूझबूझ से आप कम बजट में भी घर को नया और आधुनिक रूप दे सकती हैं।

## 5 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.08 प्रात-
सूर्यास्त- 06.12 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 11.36 प्रात-
चंद्र अस्त- 1.23 रात्रि
चंद्रमा- रात्रि- 02.16 तक बाद में वृषभ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-07 पूर्णिमांत महीना माघ-23 पक्ष- शुक्ल पक्ष 08,तिथि-अष्टमी रात्रि- 12.35 तक बाद में नवमी
नक्षत्र-भरणि रात्रि- 08.33 तक बाद में कृतिका, योग-शुक्ल रात्रि- 09.19 तक बाद में शुक्ल,करण-विष्टी रात्रि- 01.31 तक बाद में बव रात्रि- 12.35 तक बाद में बालव,राहु काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 10.03 से 12.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.18 से 1.02 तक अमृत काल दोपहर- 03.59 से 05.30 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.32 से 06.20 तक।

## 5 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष-साँस या एलर्जी से सम्बन्धित रोग में कमी आयेगी, कोई भी कार्य मन लगाकर करें, संतान के सेटलमेंट को लेकर कोई फैसला करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-67

वृषभ- कोई मेडिकल, इंश्योरेंस पॉलिसी, एफडी करवा सकते है, आगे पढ़ाई जारी रखना चाहेंगे, व्यापारिक फैसले सोच समझकर लें।
भाग्य प्रतिशत-58

मिथुन- परिवार बढ़ाने पर विचार करेंगे, बाहर पढ़ने,नौकरी करने, विदेश जाने के रास्ते थोड़ी अटकल के बाद बन जाएंगे, कोई बंटवारा हो तो चुप ना रहे।
भाग्य प्रतिशत-64

कर्क- उत्तम विचार आयेंगे आत्मविश्वास बढ़ेगा, फाइनेंस की समस्या हल होगी, नौकरी में अच्छा ऑफर मिल सकता है, भागदौड़ बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-67

सिंह- सम्मान बढ़ेगा,अपने कार्य की प्लानिंग सफल होगी, ऊंचाई, गहरे जल,बिजली कार्य करते समय सावधान रहें, डिजिटल मार्केटिंग से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या- रुके हुए कार्य बनेंगे, लोगों से संपर्क जितना बढ़ाए अच्छा रहेगा, केस आदि से बरी होने की संभावना बनेगी, सर्जरी की तारीख मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-61

तुला- प्रेम संबंधों में अधिक रुचि बढ़ेगी, ऑफिस का कोई सीक्रेट कार्य करने को मिल सकता है, अर्थशास्त्र, अकाउंट, टैक्स सबंधित क्षेत्र में प्रगति के अवसर मिलेंगे।
भाग्य प्रतिशत-71

वृश्चिक- मनोकामना पूरी होगी, नई चुनौतियां भी है, ईश्वर के दर्शन करेंगे, शिक्षा क्षेत्र में प्रगति करेंगे, वैवाहिक जीवन की परेशानी हल हो सकती है प्रयास बढ़ाए।
भाग्य प्रतिशत-63

धनु- परिश्रम बढ़ेगा, फाइनेंस को लेकर भी हिसाब लगायेगे, स्वास्थ्य सेवा पर खर्चा होगा, बीमा से पैसा, हेल्थ पॉलिसी से लाभ मिल सकता है।
भाग्य प्रतिशत-65

मकर- विवाह को लेकर चिंता रहेगी, काम की तारीफ होगी, कला, पब्लिशिंग, सौंदर्य प्रसाधन, चांदी व्यवसाय के क्षेत्र में है तो उन्नति मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-70

कुम्भ-खुद को आगे बढ़ाएगे, घर से कोई कार्य शुरू कर सकते है, पति को आर्थिक लाभ का रास्ता बनेगा, घरेलू जरुरते अच्छे से पूरी होंगी।
भाग्य प्रतिशत-72

मीन- व्यस्तता बढेगी, चिंता दूर होगी, मन को मजबूत करेंगे, जुड़े पैसे को लेकर फैसला करेंगे, घर के रोगी को इलाज मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-54

# प्रियंका चोपड़ा ने दिखाई 'शादी के घर' की झलक, बोलीं- 'मेरे भाई की शादी है'



मुंबई । अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं। अभिनेत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को 'शादी के घर' की झलक दिखाई। प्रियंका चोपड़ा के भाई की शादी मुंबई में हैं। उन्होंने शादी की तैयारियों की कई झलक शेयर की। एक तस्वीर में प्रियंका संगीत सेरेमनी में मस्ती करती नजर आईं। दूसरी तस्वीर में वह अपनी सास डेनिस मिलर-जोनास और ससुर केविन जोनास सीनियर के साथ डिनर का लुत्फ उठाती नजर आईं। प्रियंका के साथ ही उनकी बेटी मालती भी घर पर मस्ती करती दिखी। वह घर पर अन्य बच्चों के साथ ड्राइंग करती दिखीं। प्रियंका ने मालती का एक वीडियो भी शूट किया, जिसमें वह अपने मुंबई स्थित घर के बाहर बीच पर मस्ती करती नजर आई। पोस्ट को इंस्टाग्राम शेयर करते हुए अभिनेत्री ने अपने भाई और होने वाली भाभी को मेंशन करते हुए कैप्शन में लिखा, शादी का घर, नीलम और सिद्धार्थ इसकी शुरुआत कल से होगी...मेरे भाई की शादी है। अभिनेत्री ने कैप्शन में अपनी मां को मेंशन करते हुए आगे लिखा, संगीत के अभ्यास से लेकर फैमिली जैम तक। मधु चोपड़ा, घर पर आकर बहुत अच्छा लगा, मेरा दिल बहुत खुश है और मेरा शेड्यूल भी। किसने कहा कि शादी आसान होती है? लेकिन बहुत मजेदार होती है! शादी और प्रोग्राम को लेकर उत्साहित हूं मुझे बेसब्री से इंतजार है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी बेटी के साथ एक तस्वीर भी शेयर की थी और इसे कैप्शन दिया था, मेरी जान के साथ मुंबई। प्रियंका का इंस्टाग्राम उनकी एक से बढ़कर एक पोस्ट से भरा पड़ा है। भाई की शादी से वह लगातार नई तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में शेयर किए गए एक पोस्ट में बताया था कि उनकी अकादमी पुरस्कार-नामांकित फिल्म 'अनुजा' 5 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया था, जिसमें फिल्म के कुछ हिस्से हैं, जिसमें वह एक कार्यकारी निर्माता के रूप में काम करती दिखी थीं।

## शाहरुख खान ने बेटे आर्यन की पहली सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की घोषणा की



मुंबई । फिल्म अभिनेता शाहरुख खान ने सोमवार को अपने बेटे आर्यन खान की पहली सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की घोषणा करते हुए कहा कि वह दुआ करते हैं कि इतने साल में उन्हें लोगों से जितना प्यार और समर्थन मिला है, उसका ''कम से कम 50 प्रतिशत उनके बच्चों को मिले'' जो फिल्मी दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं। आर्यन खान की पहली सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। सितारों से सजे नेटफ्लिक्स के इस कार्यक्रम में बहुप्रतीक्षित सीरीज का शीर्षक जारी किया गया। शाहरुख ने इस कार्यक्रम में कहा कि वह लंबे समय के बाद इतनी बड़ी संख्या में मीडियाकर्मियों को देखकर खुश हैं। अभिनेता (59) ने कहा, ''मैं दुआ करता हूं कि अगर मेरे बच्चों को मुझे मिले प्यार का 50 प्रतिशत भी मिल जाए तो यह उनके लिए बहुत होगा।'' 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' के बैनर तले गौरी खान द्वारा निर्मित 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' बतौर निर्माता और निर्देशक आर्यन की पहली फिल्म है। शाहरुख और गौरी की बेटी सुहाना खान ने 2023 में नेटफ्लिक्स पर प्रसारित जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। शाहरुख ने बताया कि बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान द्वारा सह-निर्मित इस कार्यक्रम का नाम 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' है। उन्होंने कहा, ''आर्यन ने इस पर बहुत मेहनत की है।''

## 'हेरा फेरी 3' की कास्ट मेरे बिना रहेगी अधूरी- तब्बू



मुंबई । प्रियदर्शन की सुपरहिट हास्य फिल्म 'हेरा फेरी' के मूल सितारों में से एक रही अभिनेत्री तब्बू ने फिल्म के तीसरे संस्करण को लेकर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों से कहा है कि उनके बिना हेरी फेरी 3 की कास्ट अधूरी रहेगी। तब्बू की 'हेरा फेरी' के सह-कलाकार अक्षय कुमार द्वारा इंस्टाग्राम पर प्रियदर्शन के लिए जन्मदिन की पोस्ट साझा करने के कुछ दिनों बाद उनकी टिप्पणी आई है। फिल्म निर्माता ने कहा कि वह 'हेरा फेरी 3 बनाने के लिए तैयार हैं।' 'हेरा फेरी' रहम दिल गैराज मालिक बाबूराव गणपतराव आप्टे (परेश रावल), एक चालाक आवारा राजू (कुमार) और एक संघर्षरत गरीब श्याम (सुनील शेट्टी) के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें तब्बू अनुराधा के रूप में थी, जिसका एक छिपा हुआ एजेंडा है। तीनों कलाकार तब्बू के बिना 2006 की सीक्वल 'फिर हेरा फेरी' में दोबारा नजर आए जिसका निर्देशन नीरज वोरा ने किया था। तब्बू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रियदर्शन के लिए कुमार के जन्मदिन की पोस्ट को सोमवार की रात फिर से साझा करते हुए लिखा कि 'बेशक, कास्ट मेरे बिना पूरी नहीं होगी।'
'हेरा फेरी' फिल्म फ्रैंचाइज़ी के निर्माताओं ने अभी तक आधिकारिक तौर पर तीसरे संस्करण की घोषणा नहीं की है। तब्बू, कुमार और परेश रावल वर्तमान में 2 अप्रैल 2026 को रिलीज़ होने वाली प्रियदर्शन की आगामी हॉरर-हास्य फिल्म 'भूत बांग्ला' की शूटिंग कर रहे हैं। तब्बू को आखिरी बार एचबीओ श्रृंखला 'ड्यून- प्रोफेसी' में देखा गया था।

## बालीवुड में आने से पहले 50 किलो वजन घटाया था अर्जुन कपूर ने



मुंबई । बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने अपनी वेट लॉस जर्नी से न केवल अपने जीवन को बदला, बल्कि फिटनेस के मामले में भी एक मिसाल पेश की। अर्जुन कपूर का बचपन मोटापे से भरा हुआ था। स्कूल के दिनों में उनका वजन काफी ज्यादा था और किसी को यह अंदाजा भी नहीं था कि यही लड़का एक दिन बॉलीवुड का सफल एक्टर बनेगा। हालांकि, जैसे ही अर्जुन बड़े हुए, उन्होंने अपनी सेहत पर ध्यान देना शुरू किया और अपनी फिटनेस यात्रा की शुरुआत की। उनका मानना था कि अगर वह फिट होंगे, तो यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा, बल्कि उनके करियर के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। अर्जुन कपूर ने खुद कई इंटरव्यू में बताया कि बॉलीवुड में कदम रखने से पहले उन्होंने 50 किलो वजन घटाया था। यह जानकर आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन अर्जुन ने यह कठिन कार्य किया। उन्होंने बताया कि इस बदलाव के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और सही डाइट फॉलो की। अर्जुन को अपनी फिटनेस जर्नी शुरू करने में लगभग तीन साल लगे। इस दौरान उन्होंने जिम में कड़ी मेहनत की और अपनी डाइट पर भी कड़ा नियंत्रण रखा। जब अर्जुन अपना वजन घटा रहे थे, तब उनकी उम्र महज 20 साल थी। यह सफर उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने लगातार मेहनत की और खुद को फिट किया। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर भी अपनी वेट लॉस जर्नी के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें साझा की थीं। उन्होंने कहा कि वजन कम करना आसान नहीं है, इसके लिए डेडिकेशन और मेहनत दोनों की आवश्यकता होती है। अर्जुन हमेशा अपने ट्रेनर के साथ घंटों वर्कआउट करते थे और कभी अपनी डाइट को हल्के में नहीं लिया। यही कारण था कि उनका वजन घटा और तीन साल बाद उनकी पर्सनैलिटी में बदलाव आ गया। अगर आपका भी वजन ज्यादा है और आप इसे घटाने की सोच रहे हैं, तो आप अर्जुन कपूर से प्रेरणा ले सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आपको एक मजबूत रूटीन फॉलो करना होगा। अर्जुन कपूर की तरह, आप भी मेहनत, डेडिकेशन और सही रूटीन के साथ अपना वजन कम कर सकते हैं और फिटनेस के मामले में किसी को भी पीछे छोड़ सकते हैं। मालूम हो कि आजकल की तेज़-तर्रार जिंदगी में ज्यादातर लोग ओवरवेट होते हैं और फिट रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार सफल नहीं हो पाते। हालांकि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से फिटनेस का सही रास्ता अपनाया और सफलता पाई।

## रुपया 13 पैसे बढ़कर 86.98 डॉलर पर



मुंबई । रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.98 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क बढ़ोतरी को लागू करने की प्रक्रिया को एक महीने टालने के बाद भारतीय मुद्रा पर कुछ दबाव कम हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक जो 109.88 के स्तर को पार कर गया था, ट्रंप की शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा के बाद 108.74 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.98 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 49 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.11 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।
इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.74 पर रहा।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन कमजोरी का रुख, सोना और चांदी की घटी कीमत

नई दिल्ली । सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 400 रुपये से लेकर 440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 84,040 रुपये से लेकर 84,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 77,040 रुपये से लेकर 77,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 84,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 77,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 84,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 84,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 77,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 84,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 77,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 84,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 84,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 77,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 84,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 77,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 84,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 84,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 77,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुलंदशहर के मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-112/सीईओ-2-9/2-2024 दिनांक 04 फरवरी 2025 के साथ संलग्न उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग लखनऊ के पत्र द्वारा सूचित किया गया है कि 05 फरवरी 2025 (बुधवार) को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में होने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2025 के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में कार्यरत उन मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा, जिनका नाम दिल्ली की मतदाता सूची में दर्ज है। यह अवकाश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 ख के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है। राज्यपाल महोदया द्वारा इस निर्णय को सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे बुलंदशहर में कार्यरत दिल्ली के मतदाता बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# बॉडी कंपटीशन इवेंट प्रतियोगिता में सरफराज कुरैशी रहे प्रथम




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीरपुर (सुहैल खान)। 02 फरवरी 2025 को जेवर के इंडिया आयत क्लासिक जिम में बॉडी कंपटीशन इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, अन्य जनपदों एवं हरियाणा से पहलवानों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का आनंद सैकड़ों दर्शकों ने लिया। फाइनल पारी में सरफराज कुरैशी, निवासी शेरगढ़, जिला मथुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें ३२ इंची एलसीडी, चार ट्रॉफी, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर नदीम कुरैशी, निवासी शेरगढ़, जिला मथुरा रहे, जिन्हें चार ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और एक जूसर मशीन प्रदान की गई। तृतीय स्थान पर सोहिल कुरैशी, निवासी टप्पल, जिला अलीगढ़ रहे, जिन्हें ११०० रुपये, नगर ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिया गया। इंडिया आयत क्लासिक जिम के मैनेजर राशिद खान ने बताया कि इस बॉडी कंपटीशन इवेंट का आयोजन जिम के स्टूडेंट्स की इच्छा के अनुसार किया गया था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के इवेंट से पहलवानों का हौसला बढ़ता है और यह आगामी इवेंट्स के लिए प्रेरणा का काम करता है। कार्यक्रम में शकीर सैफी, मोहम्मद पवार, सोनू कुरैशी, टप्पल, जीशान कुरैशी, मोहम्मद ओवैस, आमिर लादेन, हाशिम सनी, जेवरिया, एमएफ कुरैशी, सुहैल चौधरी, राकेश कश्यप समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। राशिद खान ने बताया कि हर तीन महीने में इस प्रकार के बॉडी कंपटीशन इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

# बजट पर सेमिनार का आयोजन, सीए छात्रों का सम्मान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट्स की बुलंदशहर ब्रांच द्वारा दिल्ली रोड स्थित अलका होटल में बजट पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में दिल्ली से आए सीए ज्येंद्र तिवारी और सीए दीपक भोलुसरिया ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रांच अध्यक्ष सीए मुकुल शर्मा और मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त श्री योगेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सीए अवकाश शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान बुलंदशहर जिले के सीए एग्जाम पास करने वाले और नए सीए बनने वाले छात्रों का सम्मान भी किया गया। ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए अंशित अग्रवाल ने बताया कि बुलंदशहर ब्रांच जल्द ही सीए कोर्स की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी और स्टडी रूम स्थापित करेगी, जिससे छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न हो। इसके अलावा, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अगर कोई विद्यार्थी आर्थिक स्थिति के कारण सीए एग्जाम की फीस नहीं भर सकता है, तो वह ब्रांच से संपर्क करके स्कॉलरशिप का लाभ ले सकता है। कार्यक्रम में सीए प्रमोद जैन, अरुण बंसल, स्पर्श गोयल, सौरभ मित्तल, गौरव गोयल, ज्योति पोद्दार, पियूष गर्ग, अमित शर्मा, उदित गोयल, इशु शर्मा, प्रकृति ठाकुर, ज्ञान पोद्दार, प्रतीक गर्ग, अभय गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सिद्धपीठ महाकाली मां को अर्पित किया गया 225 ग्राम शुद्ध सोने का मुकुट, छत्र और तलवार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज एक विशेष अवसर पर शहर के भामाशाहों द्वारा सिद्धपीठ महाकाली मां को 225 ग्राम शुद्ध सोने का मुकुट, छत्र और तलवार अर्पित किया गया। इस अर्पण का उद्देश्य माता महाकाली के प्रति श्रद्धा और सम्मान को व्यक्त करना था। यह सहयोग मंदिर के सम्मानित सदस्य श्री गोपाल मित्तल और अन्य सहयोगियों द्वारा किया गया। मंदिर परिसर में अर्पित किए गए इस सहयोग के बाद, एक शिलापट्ट भी लगाया गया, जिसमें सभी दानदाताओं के नाम और उनके योगदान का उल्लेख किया गया है। यह कदम इस बात की पुष्टि करता है कि सभी कार्य पारदर्शिता से किए गए हैं, ताकि समाज में किसी भी प्रकार की संदेह की स्थिति न उत्पन्न हो। इस विशेष मौके पर नरेन्द्र बंसल को भी माता महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। साथ ही, कमेटी के सम्मानित सदस्य श्री गोपाल मित्तल जी ने उन्हें पटका पहनाकर उनका स्वागत किया, जिससे उनका मन अत्यंत प्रसन्न हुआ। मुकुट को रथ में रखकर शहर के प्रमुख बाजारों से निकाला गया और फिर इसे श्रद्धापूर्वक माता रानी को अर्पित किया गया।

# जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में लखावटी, सिकंदराबाद, खुर्जा, बुलंदशहर, शिकारपुर, पहासू, गुलावटी और अरनिया विकास खंडों में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित विकास खंड अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से अमृत सरोवर, सुलभ शौचालय, आरआरसी सेंटर, बर्मी कंपोस्ट सेंटर, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास (ग्रामीण), स्वयं सहायता समूह, गौशालाएं, सड़कें, नालियां और खेल मैदानों से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने निर्देश दिया कि प्रत्येक विकास कार्य के पहले और बाद की तस्वीरें लेकर उन्हें फाइल में संलग्न करना अनिवार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अमृत सरोवरों, आरआरसी सेंटरों, बर्मी कंपोस्ट सेंटरों और गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि अपूर्ण व्यवस्थाओं को समय पर सुधारा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बर्मी कंपोस्ट सेंटरों का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से कराया जाए, जिससे उन्हें रोजगार मिल सके और किसानों को जैविक खाद उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, उन्होंने ग्राम पंचायतों के रोस्टर के अनुसार नियमित भ्रमण कर अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जनपद के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीमों ने क्षेत्र में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा, आत्मरक्षा के टिप्स, गुड टच और बैड टच की पहचान और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करना और अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता कार्यक्रम को स्थानीय लोगों का सकारात्मक समर्थन मिल रहा है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना नरसैना का किया वार्षिक निरीक्षण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस









बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्री श्लोक कुमार ने आज थाना नरसैना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर पहुंचकर गार्द की सलामी ली और विभिन्न पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बंदीगृह, अभिलेख, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, मालखाना, मैस, आवासीय परिसर और थाने में खड़े वाहनों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि थाने पर आने वाली महिलाओं और बालिकाओं की शिकायतों का क्रमबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और सभी मामलों का उचित रिकॉर्ड कंप्यूटर में व्यवस्थित रखा जाए। एसएसपी ने थाने में नियुक्त पुलिसकर्मियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा, थाना परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नरसैना को निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक अभिलेख पूर्ण करें और उनका उचित रखरखाव सुनिश्चित करें। साथ ही, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी बढ़ाने, थाना परिसर को स्वच्छ रखने और क्षेत्र में निरंतर गश्त कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के निर्देश दिए गए। महिला अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना नरसैना में नियुक्त चौकीदारों को कंबल वितरित किए गए।

# कशिश बनीं मिस फेयरवेल, सहेलियों की आंखें हुई नम





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। लाला मुरारीलाल रामरती देवी सरस्वती बालिका विद्यालय में मंगलवार को कक्षा 12 की छात्राओं के लिए भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी यादें साझा कीं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए विदा लिया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका रीना सिंघल एवं निदेशक अमन सिंघल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पार्चन कर किया। अपने संबोधन में रीना सिंघल ने छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई का क्षण हमेशा भावुकता भरा होता है, लेकिन यह आगे बढ़ने और नए सपनों को साकार करने का भी अवसर होता है। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। कक्षा 11 की छात्राओं ने अपनी सीनियर बहनों को शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विदाई दी। कविता-पाठ, गीत-संगीत और नृत्य के कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। इस भावुक क्षण में कई छात्राओं की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर कक्षा 12 की छात्रा कशिश को मिस फेयरवेल के ताज से सम्मानित किया गया। प्रबंधिका रीना सिंघल ने उन्हें ताज पहनाया और स्मृति चिह्न भेंट किया। कक्षा 11 की छात्राओं ने भी अपनी सीनियर बहनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक ध्रुव कुमार सिंघल ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा ने परीक्षा संबंधी दिशानिर्देश देते हुए छात्राओं से तनाव मुक्त रहकर परीक्षा देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन साक्षी सिंघल ने किया, जबकि भावना, दिशा, हिमांशी, मौंटी, राखी, पूजा, संतोष आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा, प्रीति, संजीव, सुभाष गिरी, माहिरा, सबिया, समरीन आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी।

# बुलंदशहर पुलिस ने 5 शातिर चोरों को चोरी की बैटरियों, नकदी और अवैध हथियारों के साथ किया गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना छतारी क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 11 बैटरियां, नकद 6250 रुपये, लोअर-टीशर्ट, अवैध असलहा और घटना में प्रयुक्त एक होंडा सिटी कार बरामद की। गिरफ्तारी स्वाट टीम और थाना छतारी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों ने थाना छतारी क्षेत्र के कस्बा छतारी में स्थित प्रिंस बैट्री की दुकान से बैटरियों की चोरी की थी, जिसके संबंध में थाना छतारी में मामला दर्ज था। इसके अलावा, आरोपियों ने थाना नरौरा क्षेत्र में एक लोअर-टीशर्ट की दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दोनों घटनाओं में उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नसीर, इरफान, हसन उर्फ भूरा, शमीम और आदिल के रूप में हुई है, जो विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं।

इनमें से कई अपराधियों के खिलाफ पहले से ही चोरी, लूट और अवैध हथियारों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने 11 चोरी की बैटरियां, 6250 रुपये नकद, दो कट्टे लोअर-टीशर्ट, होंडा सिटी कार (UP81CQ7861), एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इस सफलता में स्वाट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल चौधरी और उनकी टीम के अलावा थाना छतारी के थानाध्यक्ष संदीप कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# बनस्थली विद्यापीठ में प्रथम स्थान प्राप्त कर ख्याति शर्मा ने किया परिवार का नाम रोशन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा) ।बुलंदशहर जिले के शाहजहांपुर अनूपशहर के पास स्थित छोटे से गांव की बेटी ख्याति शर्मा ने बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान से एम.ए. (भूगोल) में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे परिवार और गांव में हर्ष का माहौल है। पंडित दीपक मांकडी ने अपनी छोटी बहन की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियां मेहनत और लगन से पढ़ाई कर परिवार और समाज का नाम रोशन करती हैं। उन्होंने बताया कि ख्याति की सफलता से परिवार में खुशी की लहर है और यह साबित होता है कि समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। दीपक मांकडी ने कहा कि वह हमेशा बहन-बेटियों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने ख्याति को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करती रहें और परिवार का नाम रोशन करें। ख्याति शर्मा की इस उपलब्धि से क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। उनकी सफलता से यह संदेश मिलता है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती, बल्कि छोटे गांवों से भी बेटियां आगे बढ़कर बड़े सपने साकार कर सकती हैं।

# रिश्वत लेने के आरोप में प्रशिक्षु उपनिरीक्षक निलंबित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर जिले के थाना चोला में तैनात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक नापु विजय कुमार को भ्रष्टाचार के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजय कुमार ने एक परिवाद में रिपोर्ट लगाने के नाम पर प्रथम पक्ष से रिश्वत की मांग की थी। जब उन्हें वहां से पैसे नहीं मिले, तो उन्होंने दूसरे पक्ष से रुपये लेकर बिना किसी जांच के उनके पक्ष में न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट दाखिल कर दी। इस गंभीर मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विजय कुमार को निलंबित कर दिया। पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रशासन द्वारा शांति समिति बैठक

## भाईचारे और सद्भावना से मनाए आगामी त्योहार- लवी त्रिपाठी एसडीएम



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा आगामी त्यौहार रविदास जयंती,शब-ए-बारात,महाशिवरात्रि एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।इस मौके पर लोगों से आगामी त्योहारों में शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की गई।धौलाना थाना परिसर में बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी लवी त्रिपाठी,पिलखुवा क्षेत्र अधिकारी अनीता चौहान की अध्यक्षता में हुई।इस मौके पर उन्होंने कहा कि अगर कोई माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कर्रवाई की जाएगी।त्योहारों को लेकर तहसील प्रशासन काफी चौकन्ना है हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की पैनी नजर है।बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आगामी त्यौहारों को एकता एवं भाईचारे के साथ मनाया जाये।इस दौरान थाना धौलाना में आए क्षेत्र के गणमान्य लोगों व धर्म गुरुओं से थाना धौलाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह,उप निरीक्षक पंकज शर्मा,जब्बार अहमद,पिंटू कुमार व समाजसेवी हसीन चौधरी,शहजाद चौधरी,इदरीश प्रधान,आरिफ प्रधान लालपुर,बसपा नेता मूलचंद गौतम,डॉ सत्येंद्र कुमार आदि क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान जरूरी- विभू बंसल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विभू बंसल व अधिशासी अधिकारी इंदरपाल सिंह के द्वारा मेरा परिवार मेरी पहचान पत्र बनवाने के लिए लोगो से लगातार अपील की जा रही है। इसी कड़ी में मेरा परिवार मेरी पहचान की लोगों को जानकारी मिल सके और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जा सके इसके लिए मंगलवार को नगर के मौहल्ला छिपीवाड़ा में स्थित कमला भवन में पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में पालिका कर्मियों ने भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा एवं भारत विकास परिषद, विकास रत्न संस्था के सहयोग से एक कैंप का आयोजन किया जिसमे पचास से अधिक लोगो के वन फैमली वन आई कार्ड बनाये गए। चल रहे कैंप के दौरान पंहुचे पालिका अध्यक्ष विभू बंसल व अधिशासी अधिकारी इंदरपाल सिंह ने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि आम नागरिक इस परिवार पहचान पत्र को बनवाने के लिए जागरूक नहीं है जबकि भविष्य में छात्रवृत्ति एवं अन्य सभी सरकारी योजनाओं में इस कार्ड की आवश्यकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट परिवार पहचान पर या अपने ही एंड्रॉयड फोन के माध्यम से या फिर जन सुविधा केंद्र पर भी आप इसे बनवा सकते है। कैंप में लक्ष्मी मित्तल, अभिषेक गोयल, रेखा गोयल, अभिषेक गोयल, विपुल बंसल, आशीष मित्तल, संजय तोमर समाजसेवी के अलावा दीपक राबिया,अश्विनी अग्रवाल,मनीष माहेश्वरी,धर्मेंद्र, बीपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में बुजुर्ग की मौत, परिवार में मचा कोहराम

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा चाय पीकर घूमने के लिए घर से बाहर निकले बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी करने पर पुलिस के मुताबिक मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि छिजारसी फाटक के पास एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त जिला मथुरा के गोवर्द्धन के 60 वर्षीय नंद राम पुत्र हरि राम के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि मृतक नंदराम मोहल्ला रजनी विहार स्थित अपने भाई ओमप्रकाश के घर आया हुआ था। मंगलवार की सुबह घर से चाय पीकरघूमने के लिए निकले थे। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें नंदराम की मौत की सूचना दी थी। एस एस आई इजहारूल इस्लाम ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्राथमिक विद्यालय में वसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई

गाजियाबाद । नासिरपुर प्राथमिक विद्यालय में वसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टिट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महामंत्री डॉ अतुल कुमार जैन ने विद्यालय प्रांगण में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं से ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना हमेशा करते रहने का आह्वान किया और अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत कई शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

# रास्ते में युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

मोदीनगर । गांव अबूपुर में बाजार गए युवक पर दबंगों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अलग-अलग समुदाय का मामला होने के कारण गांव में तनाव है। पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गांव अबूपुर निवासी कृष्णपाल सिंह ने बताया कि पुत्र भूपेंद्र कुमार बाजार जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने हमला कर दिया। बेटे पर धारदार हथियार से वार किए। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पहले भूपेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर साजिद, अब्दुला निवासी गांव अबूपुर के अलावा अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही।

# जीएस विश्वविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा जीएस विश्वविद्यालय में जीएस कैंसर भवन में आयोजित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम के साथ विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया। अस्पताल प्रांगण में सभी छात्रो के साथ जागरूकता रैली निकाली। समारोह की शुरुआत डॉ. रुपाली शर्मा, चिकित्सा निदेशक द्वारा दीप जलाने के पारंपरिक समारोह से हुई, इसके बाद सरस्वती वंदना और राष्ट्रीयगान गाया गया। जी एस यूनिवर्सिटी पिलखुवा ने 2025 में विश्व कैंसर दिवस को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम के साथ मनाया। डॉ विक्रम सिंहल ने केंसर को प्रारभिंक अवस्था में पहचानने पर जोर दिया। डॉ. नमन उत्तरेजा ने प्रभावी उपचार परिणामों के लिए कैंसर के प्रारंभिक निदान के महत्व पर जोर दिया। डॉ पंकज पाल ने केंसर को पहचानने में जरूरी उपकरणों की उपलब्धता से अवगत काराया। डॉ. आदित्य दीक्षित ने कैंसर रोगियों के उपचार की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक देखभाल सुविधाओं, जैसे कि आईसीयू, के महत्व को रेखांकित किया। अब तक उपचार प्राप्त कर चुके रोगियो ने अपने अनुभव साझा किये। मनोज शिशोदिया ने गंगा शरण शर्मा और डॉ. अंकित शर्मा के दृष्टिगत लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होने कहा कि यदि आस-पास किसी अस्पताल को कोइ मरीज रेफर करना पडे तो सबसे पहले जीएस अस्पताल का चुनाव किया जाता है, क्योंकि हम स्वास्थ्य सेवा प्रदाता में अग्रणी केन्द्र बन चुके हैं। यह कार्यक्रम केंसर से पीडित लोगो के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी करता है। क्योंकि इस कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता उन कैंसर सर्वाइवर्स के भावनात्मक गवाहियां थीं जिन्होंने जीएस कैंसर संस्थान में उपचार प्राप्त किया। उन्होंने डॉ. नमन उत्तरेजा, डॉ. पीयूष गर्ग, डॉ विक्रम सिंहल व पूरी कैंसर देखभाल टीम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके उपचार यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीजों ने साझा किया कि टीम के प्रोत्साहन ने उन्हें सकारात्मकता और आशा के साथ कैंसर से लड़ने में मदद की। सभा को संबोधित करते हुए सचिव डॉ. अंकित शर्मा ने जीएस विश्वविद्यालय की सुलभ कैंसर देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया व बताया कि अन्य कई अस्पताल कैंसर उपचार के लिए आयुष्मान/अन्य कार्ड स्वीकार नहीं करते, जिससे मरीजों को बहुत कठिनाई होती है। हमने यह सुनिश्चित किया कि जीएस कैंसर संस्थान से केंसर का कोई भी मरीज ये कहकर वापस न जाये कि हमारे पास कार्ड था किन्तु उपचार नही हुआ।

अस्पताल के कई कार्ड रिजैक्ट हो जाते है जिसके परिणामस्वरूप उपचार का सारा खर्चा अस्पताल को ही वहन करना पड़ता है, हम फिर भी उपचार के लिये मना नही करते, निरंतर आयुष्मान/अन्य कार्ड के अन्तर्गत सभी केंसर रोगियों का सेवा भाव से उपचार कर रहे हैं, जिसक परिणामस्वरूप मरीज किसी दूसरे षहर में भटकता नही है वह जानता है कि सभी जरूरी सुविधाऐं जीएस केंसर संस्थान में उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों, मीडिया प्रतिनिधि, अस्पताल के कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों का दल, और सभी शैक्षणिक विभागाध्यक्ष, जीएस नर्सिंग और आयुर्वेद कॉलेजों के प्राचार्य विभागों के प्रमुख, मनवीर, के.पी. सिंह, राजेश उपस्थित रहें।

# शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) थाना देहात हापुड़ परिसर में उप जिलाधिकारी सदर अंकित वर्मा व थानाअध्यक्ष थाना देहात हापुड़ सुरेश कुमार के नेतृत्व में शांति बैठक का आयोजन किया गया जिसमे उपजिला अधिकारी अंकित कुमार वर्मा ने लोगों से आगामी त्योहारों पर शान्ति बनाए रखने की अपील की

तथा लोगों की समस्या सुनी राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी ने कहा कि क्षेत्र शादी, सगाई आदि समाहरोह में डीजे साऊंड की तेज आवाज पर लगाम लगाई जानी चाहिए और आयोजकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की और संस्था के जिला सचिव मुकेश प्रजापति ने साइबर क्राइम जागरूकता कैम्प प्रत्येक गांव में लगाया जाने की मांग की दूसरा छात्रों की छुट्टी के समय पुलिस गस्त रोड पर लगाई जानी चाहिए इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा, नगर अध्यक्ष ऋषिपाल प्रजापति,नगर उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, नगर संगठन मंत्री राकेश प्रजापति, प्रशासनिक सदस्य श्यामवीर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लू सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य व ग्राम श्यामपुर पूर्व प्रधान भगतराम सिंह, नगर पालिका परिषद के सभासद नितिन पाराशर,भाजपा युवा नेता गौरव रूडकीवाल,सेन्सरपाल आदि सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे।

# कार्पेडियम इंडिया ने जेम्स रीबॉक को 57 रन से हराया

गाजियाबाद । नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कार्पेडियम इंडिया ने सभी विभागों में शानदार खेल दिखाते हुए जेम्स रीबॉक टीम को 57 रन से हरा दिया।मैच में 133 रन की पारी खेलने के साथ चार विकेट लेने वाले वाले सचिन भाटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्पेडियम इंडिया ने नेहरू स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 40 ओवर में 9 विकेट पर 307 रन बनाए।कार्पेडियम इंडिया के कप्तान सचिन भाटी ने शानदार शतक बनाते हुए 133 रन की पारी खेली। गगन ने 54 रन और दिनेश ने 34 रन का योगदान दिया। आसमन गुलाटी ने घातक गेंदबाजी करते हुए छह विकेट लिए। लक्ष्य को हासिल करने मैदान पर उतरी जेम्स रीबॉक की टीम 36.4 ओवर में 250 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से राज गुप्ता ने सबसे ज्यादा 115 रन, आत्रेय गुप्ता ने 35 और हर्षित ने 14 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम की तरफ से कप्तान सचिन भाटी ने बल्ले के बाद गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। नीतीश ने तीन विकेट लिए।

# चढ़त के दौरान नकदी और जेवर से भरा बैग चोरी

मोदीनगर । गांव सीकरी कला स्थित एक रिसॉर्ट के पास चढ़त के दौरान बदमाश दूल्हे के जीजा का बैग चोरी कर ले गए। बैग में 70 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात थे। पुलिस ने केस दर्ज बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। साहिबाबाद के राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने बताया कि साले मोहित राणा की बारात सीकरी कलां स्थित रिसॉर्ट गई थी। देर रात एक बजे के आसपास विजय कुमार अपने साले की बग्गी पर चढ़ने लगे। इसी बीच किसी ने उनका बैग चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में 70 हजार रुपये की नकदी, मंगलसूत्र,सोने की अंगूठी और अन्य सामान था। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही।

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। 3 फरवरी 2025 को भारतीय किसान संघ बुलंदशहर की जिला बैठक संघ कार्यालय बुलंदशहर में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्यागी ने किया, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी ने की। बैठक में प्रमुख रूप से मेरठ प्रांत उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी और प्रांत सह महिला प्रमुख अर्चना त्यागी भी मौजूद रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य समस्याएं किसानों को किसान रजिस्ट्री करवाने में आ रही समस्याएं थीं। किसानों के आधार और बैंक पासबुक में नंबर खतौनी से मेल नहीं खा रहे हैं, और कुछ गांवों में खतौनी ऑनलाइन नहीं है, जिसके कारण किसान रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है। इसके परिणामस्वरूप, किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अतिरिक्त, गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग और निराश्रित गोवंश के कारण किसानों की फसल का नुकसान भी प्रमुख मुद्दा रहा। निराश्रित गोवंश को गौशाला भेजने की मुख्य मांग उठी।

जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी ने बताया कि इन विभिन्न समस्याओं को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी ने संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा की, जबकि प्रांत सह महिला प्रमुख अर्चना त्यागी ने गांवों में टोली बैठक आयोजित कर किसानों की समस्याओं का समाधान करने की बात की।

बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए दीपकांत शर्मा को सह जिला जैविक प्रमुख, हिमांशु जी को खंड जैविक प्रमुख शिकारपुर, आशा चौधरी को खंड महिला प्रमुख शिकारपुर, और मुनेश सोलंकी जी को खुर्जा खंड का दायित्व सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार, चौधरी दिलावर सिंह, जिला सह मंत्री लाल सिंह तोमर, वीरेंद्र गुर्जर, जिला महिला प्रमुख विनती चौधरी एडवोकेट, जिला युवा प्रमुख श्यामवीर सिंह, और जिला कार्यालय प्रमुख चौधरी ओमवीर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश-विदेश के हड्डी रोग विशेषज्ञ आधुनिक शोध के बारे में जानकारी देंगे

गाजियाबाद । हड्डी और जोड़ों के रोग के लिए सात फरवरी से तीन दिवसीय यूपी आर्थोकोन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश के ऑर्थो सर्जन साढ़े सात सौ से ज्यादा पीजी स्टूडेंट्स को अपने अनुभव शेयर करेंगे। राजनगर स्थित आईएमए भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में गाजियाबाद ऑर्थोपेडिक क्लब के अध्यक्ष डॉ. केके मित्तल ने बताया कि प्रदेश स्तर का सम्मेलन सात, आठ और नौ फरवरी को नोएडा एक्सटेंशन स्थित गौर सरोवर प्रीमियम होटल में होगा। इसमें दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे देश के हड्डी रोग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। इसके लिए 750 से ज्यादा पीजी स्टूडेंट पंजीकरण करा चुके हैं। आयोजन समिति के सचिव डॉ. रिजवान खान ने बताया कि सम्मेलन में एक दिन में 100 लेक्टर रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रोफेसर डॉ. एसएम तुली मौजूद रहेंगे। सम्मेतल में फ्रैक्चर हड्डी रोग विषयों के आधुनिकतम शोध और अनुसंधानों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एसएस यादव भी अपने विचार रखेंगे। कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में रोबोट, दूरबीन विधि से ऑपरेशन के बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी। सम्मेलन में सभी नवीन उपकरणों की प्रदर्शनी और औषधियों का डिस्प्ले किया जाएगा। प्रेसवार्ता में डॉ. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. वीके बत्रा आदि मौजूद रहे।

# जहांगीराबाद क्षेत्र में फूड प्वाइजनिंग का गंभीर मामला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



जहांगीराबाद (सचिन शर्मा)। जहांगीराबाद क्षेत्र के रामगड़ी गांव में फूड प्वाइजनिंग का गंभीर मामला सामने आया है। गांव के लोग स्याना तहसील के गांव चासी रसूलपुर में एक बारात में शामिल होकर लौटे थे। इसके बाद रात को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

खाना खाने के बाद लगभग 100 लोग बीमार पड़ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुलंदशहर की मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर मंजू अग्रवाल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव का दौरा किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर आशीष मुदगल के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बीमार लोगों का इलाज शुरू किया।

इस बीच, 5 गंभीर मरीजों को बुलंदशहर रेफर कर दिया गया। खाद्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

# साप्ताहिक बाजार न लगाए जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी

गाजियाबाद । साप्ताहिक पैठ बाजार रेहडी पटरी व मजदूर संघ गाजियाबाद ने साप्ताहिक पैठ बाजार लगवाए जाने की व्यवस्था करने की मांग की है। बाजार न लगने देने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। इस संबंध में संघ की ओर से जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पटरी दुकानदारों ने कहा कि 21 जनवरी से पुलिस और प्रशासन साप्ताहिक पैठ बाजार की व्यवस्था को बंद करवा रहा है। जिसकी वजह से शहर के बीस से पच्चीस हजार दुकानदार प्रभावित हुए हैं। हजारों परिवारों की रोजी-रोटी छिन गई हैं। इन सभी के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। संगठन के महामंत्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि बाजार लगाने वाले अधिकतर दुकानदारों ने पीएम स्वनिधि से लोन लिया है, आय न होने से लोन की किश्त अदा करने का भी संकट आ गया है। गतवर्ष जुगाड वाहन बंद होने से लोगों के सामने संकट आ गए था, अब पैठ बाजार बंद होने से हजारों परिवारों पर संकट है। संगठन ने कहा कि अगर उनके बाजार नहीं लगने दिए तो आमरण अनशन करेंगे। संगठन ने मांग की कि बाजारों को सड़क के नीचे पटरी पर लगवाया जाए, व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस का सहयोग मिले, बाजारों को नगरनिगम के दायरे में लाकर सफाई शुल्क कर वसूला जाए, दुकानदारों को नगर निगम द्वारा लाइसेंस उपलब्ध कराया जाए, बाजारों का सीमांकन कर उस स्थान को वैंडिंग जोन घोषित किया जाए, बाजारों को विस्थापित न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप शर्मा, शैलेन्द्र अग्निहोत्री,रामनारायण शर्मा, चिंटू हांडा, रामरखा आदि मौजूद रहें।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता ( महिला/पुरुष ) का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




गुलावठी (सैय्यद मजहर)। देवनागरी महाविद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। पुरुषों की टीम स्पर्धा में देवनागरी महाविद्यालय, गुलावठी की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मेरठ कॉलेज, मेरठ की टीम दूसरे स्थान पर रही। महिलाओं की स्पर्धा में भी देवनागरी महाविद्यालय, गुलावठी की टीम ने जीत दर्ज की, वहीं एस एस वी कॉलेज हापुड़ की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे दिन एकल मुकाबले खेले गए। महिलाओं की एकल स्पर्धा में सोनम ने पांच अंकों के साथ पहला स्थान, कुमकुम ने चार अंकों के साथ दूसरा स्थान और दिशा ने साढ़े तीन अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुषों के मुकाबले में ऋतुराज सिंह ने पहला, उज्जवल चौहान ने दूसरा और दिव्यांशु शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने विजेताओं को बधाई दी और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. गुलाब सिंह रूहल, ऑब्जर्वर कम सिलेक्टर डॉ. छाया चौधरी, डॉ. संजय यादव, फिडे आर्बिटर ललित कपूर, महाविद्यालय के आयोजक डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. विनय कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा आदि उपस्थित रहे।

# जुलाई से बैडमिंटन हॉल का जीर्णोद्धार अटका

गाजियाबाद । महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना बैडमिंटन हॉल जीर्णोद्धार के इंतजार में है। वुडन कोर्ट से लेकर हॉल की दीवारें रखरखाव के अभाव में खराब हो चुकी हैं। इससे शटलरों को परेशानी होती है। बीते साल जुलाई में हॉल के जीर्णोद्धार को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन काम अटका है। महामाया स्टेडियम में विभिन्न खेलों में युवा खिलाड़ी भविष्य बनाने के लिए अभ्यास करने के लिए आते हैं। यहां स्टेडियम परिसर में बैडमिंटन हॉल बना हुआ है, जो रखरखाव के अभाव में बदहाल हो चुका है। इसे करीब आठ साल पहले दुरुस्त कराया गया था। इसके बाद से ध्यान नहीं दिया जा रहा। ऐसे में हॉल की स्थिति खराब हो चुकी है। यहां की दीवारें से लेकर छत की स्थिति ठीक नहीं है, जिसके कारण बारिश के मौसम में परेशानी होती है। वहीं, जगह-जगह से खराब वुडन कोर्ट को टेप से चिपकाया गया है। सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन हॉल में रोजाना 20 से 25 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। हॉल में बने तीनों वुडन कोर्ट की स्थिति ठीक नहीं है। इससे इन खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कठिनाई होती है। वुडन कोर्ट के जगह जगह से खराब होने से चोट लगने का भी डर बना रहता है। बीते साल बारिश के दौरान हॉल में छत से पानी आ गया था, जिससे खिलाड़ियों को दिक्कत हुई थी। खिलाड़ियों की मांग है कि पूरे बैडमिंटन हॉल को जल्द दुरुस्त कराया जाए, ताकि समस्याओं से निजात मिल सके और वे बेहतर तरीके से अपने खेल का अभ्यास कर सकें। सात महीने पहले मंजूरी मिल गई थी पूरे हॉल का जीर्णोद्धार कराने के लिए जिला खेल विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा था, जिसे जुलाई में मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद कई माह बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाया। ऐसे में कई खिलाड़ी कई निजी एकेडमी की तरफ रुख कर रहे हैं, ताकि प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार कर सकें। इसके अलावा कई खिलाड़ी दिल्ली भी अभ्यास करने के लिए जाते हैं। जल्द संस्था का चयन होगा जिला उप क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि शीघ्र संस्था का चयन कर हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराया जाएगा। तीनों वुडन कोर्ट से लेकर हॉल की छत और दीवारों को दुरुस्त कर खिलाड़ियों के चित्र बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हॉल में अभ्यास करने के लिए लाइट भी बेहतर लगाई जाएंगी।

# खाली प्लॉट में मिला व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव

एटा । उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव एक खाली प्लॉट से बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की है। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मरथरा कस्बे में एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि काफी प्रयास के बाद मृत व्यक्ति की शिनाख्त कासगंज जिले के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद (40) के रूप में हुई, जो 20 जनवरी को अपनी बहन के यहां गया था और वहां से 24 जनवरी को कथित तौर पर वापस आया था लेकिन घर नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के कई निशान मिले हैं और गले की हड्डियां दिखाई दे रही है तथा शरीर का काफी मांस गायब है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के हाथ और पेर बंधे हुए पाये गये हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

## स्याना नगरपालिका चेयरमेन ऋषिपाल सिंह ने किया आनंदा कैटल फीड प्लांट एवं गौशाला का निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

स्याना/बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। स्याना नगरपालिका चेयरमेन ऋषिपाल सिंह चौधरी ने आज आनंदा कैटल फीड प्लांट और आनंदा गौशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय नस्ल की गायों के संरक्षण, उनके रखरखाव और दुग्ध उत्पादन की आधुनिक विधियों का अवलोकन किया। आनंदा के चेयरमेन राधेश्याम दीक्षित ने उन्हें साहीवाल, थारपारकर, गिर, नागौरी जैसी भारतीय नस्लों की गायों के पालन एवं देखभाल की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान चेयरमेन ऋषिपाल सिंह ने गौशाला की व्यवस्थाओं को सराहा और वहां मौजूद गायों को गुड़ व चना खिलाया तथा बछियों को स्नेहपूर्वक दुलार किया। इस अवसर पर राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि आनंदा गौशाला में भारतीय नस्ल की गायों का पालन कर उत्तम नस्ल के गोवंश का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही, किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक एवं पारंपरिक तकनीकों से प्रशिक्षित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान भरत चौधरी, विपिन चौधरी, जितेंद्र ठाकुर, रवि, राजेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गलगोटिया कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग, एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला का किया आयोजन।

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आपकी रचनात्मकता, नवाचार और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता का निर्माण करना था। कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग, गलगोटियास कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने 4 फरवरी, 2025 को आपकी रचनात्मकता, नवाचार और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता का निर्माण करने पर एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया। यह कार्यशाला उत्तर प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (CST-UP) द्वारा प्रायोजित की गयी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके पश्चात, डॉ. पुष्पा चौधरी (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस और सहयोगी शाखाएँ) ने स्वागत भाषण दिया। प्रेरणादायक संबोधन गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर, श्री सुनील गलगोटिया ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवाचार और अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के आधार होते हैं। IPR का ज्ञान छात्रों को अपने विचारों को सुरक्षित रखने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सहायक होगा। गलगोटियास इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों को उद्योग-समर्थित ज्ञान देने के लिए प्रतिबद्ध है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ, डा० ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि आज का युग नवाचार और



स्टार्टअप्स का है। IPR का ज्ञान छात्रों को अपने इनोवेशन को पेटेंट कराने और व्यावसायिक रूप से लागू करने में मदद करेगा। हमारी संस्था छात्रों और शोधकर्ताओं को सही मार्गदर्शन देने के लिए हमेशा तत्पर है। मुख्य अतिथि एवं वक्ता गेस्ट ऑफ ऑनर, प्रो-वाइस चांसलर, गलगोटियास यूनिवर्सिटी, प्रो. (डॉ.) अवधेश कुमार ने सभी मुख्य वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद, मुख्य अतिथि प्रो. बृजेश कुमार (इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वीमेन, दिल्ली) ने भारतीय पेटेंट अधिनियम, IPRकी मौजूदा स्थिति और भारत में IPR सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला की थीम और प्रमुख विषय था विचारों की सुरक्षा एवम् भविष्य का निर्माण इस विषय के अंतर्गत, निम्नलिखित विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण सत्र लिए- डॉ. दिनेश कुमार (प्रधान वैज्ञानिक, कृषि बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग, ICAR-IASRI) - भौगोलिक संकेतक (GI) और कृषि क्षेत्र में IPR की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अनुज कुमार शर्मा (एसोसिएट डीन, नवाचार और सामाजिक उद्यमिता, AKTU) - प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में IPR की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. शैलेंद्र सिंह गौरव (नोडल अधिकारी, IPR सेल, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, कृषि संकाय) - कृषि अनुसंधान और बौद्धिक संपदा अधिकार पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. तनुप्रिया (पेटेंट अटॉर्नी, एडवोकेट) - AI युग में पेटेंट योग्यता, पेटेंट फाइलिंग और ड्राफ्टिंग प्रक्रिया पर अपनी बात कही। कार्यशाला की मुख्य विशेषताएँ संवादात्मक सत्र - प्रतिभागियों को पेटेंट ड्राफ्टिंग और फाइलिंग की व्यावहारिक जानकारी दी गई। केस स्टडी चर्चा - वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से IPR के अनुप्रयोगों को समझाया गया। प्रश्नोत्तर सत्र - छात्रों और शोधकर्ताओं के प्रश्नों का उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन: कार्यशाला का समापन डॉ. यशवीर सिंह (प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस विभाग) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में, राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

## श्री श्याम सेवा मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

राजघाट (हितेश शर्मा)। श्री श्याम सेवा मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास कौशिक का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सोशल मीडिया पर उनके जन्मदिन की बधाई देने का तांता लगा रहा। श्री श्याम सेवा मंडल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पेज़ के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कुलदीप शर्मा, पवन शर्मा, मौनू शर्मा, हिमांशु भारद्वाज, शुशील शर्मा, मुकेश गिरी, सागर कांत वर्मा, रवि गोयल, राहुल मित्तल, दिपू गुप्ता, सोनू गोयल, मोनू यादव, सूर्यकांत भारद्वाज, विवेक गुप्ता, मनोज चौधरी, शिवकुमार शर्मा, मोहित शर्मा सहित अन्य कई लोगों ने भी सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से विकास कौशिक को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## नव नियुक्त कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा और कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)। इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष एवं दैनिक उदय समाचार के जिला ब्यूरो चीफ पत्रकार दिनेश शर्मा और जिला उपाध्यक्ष पत्रकार विनोद कुमार उर्फ पिटू चौधरी ने नव नियुक्त कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा और कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का कोतवाली में पहुंचकर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। पत्रकारों ने दोनों अधिकारियों को उनके नए पद के लिए बधाई दी और उनके साथ अच्छे सहयोग की उम्मीद जताई।

## बुजुर्ग महिला के साथ घर में घुस कर मारपीट, लाठियों से किया वार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। चोला थाना क्षेत्र के गांव फतेपुर जादौन में एक पड़ोसी ने रंजिश के चलते 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ घर में घुसकर बुरी तरह मारपीट की। आरोपी ने लाठी से इतना वार किया कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और मरणासन्न स्थिति में पहुँच गई। पीड़िता सरोज देवी ने बताया कि यह व्यक्ति पिछले साल उनके पति रणवीर सिंह (90 वर्ष) के साथ भी इसी तरह की मारपीट कर चुका था। सरोज देवी और उनके पति दोनों फतेपुर जादौन में रहते हैं। उनके दो बेटे जयपुर में नौकरी करते हैं और तीज-त्योहार के दौरान घर आते हैं। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी उन्हें अक्सर गालियाँ देता था, लेकिन वह शिकायत करने के लिए थाने जाने में सक्षम नहीं हो पाती थीं। इस घटना की सूचना मिलते ही एसएसआई दल सिंह ने मौके पर जाकर सरोज देवी को मेडिकल के लिए भेजा और तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है, उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कब्रिस्तान की छह बीघा जमीन कब्जा मुक्त, नायब तहसीलदार ने कराई पैमाइश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर। नगर पंचायत की जमीनों पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने एसडीएम सदर नवीन कुमार को कस्बे में सरकारी जमीनों की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर नवीन कुमार की देखरेख में नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत और लेखपालों के साथ नगर पंचायत कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने पैमाइश अभियान चलाया।

सूरजपुर टीकरी रोड पर स्थित कब्रिस्तान की छह बीघा जमीन पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा पाया गया था। भूमि चिन्हित कर अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर को भूमि पर कब्रिस्तान का बोर्ड लगाने और खूंटी गड़वाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन मंगलवार तक यह कार्य पूरा नहीं हुआ। इसके बाद नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत ने खुद बोर्ड लगवाकर कब्जा मुक्त कराया।

नायब तहसीलदार ने बताया कि गाटा संख्या 1287 में लगभग दो बीधा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है, जिस पर आलू की फसल बोई गई थी। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और भूमि को कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

## संविधान की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है- सैयद मुनीर अकबर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम के आह्वान पर आज चर्च कंपाउंड में बैठक आयोजित हुई। इसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश में संविधान रक्षा यात्रा की शुरुआत 16 फरवरी को अलीगढ़ से किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने अलीगढ़ मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ यात्रा को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया और यात्रा के प्रभारी के रूप में विंसेंट जोयल को नियुक्त किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये संगठन संविधान बदलकर देश के संसाधनों पर उद्योगपतियों का पहला हक सुनिश्चित करना चाहते हैं और आम जनता की समस्याओं से उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों को हाशिये पर धकेलने की इनकी मंशा रही है, इसलिए संविधान रक्षा यात्रा की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस कमजोर हुई तो बीजेपी सरकार न केवल आरक्षण समाप्त कर देगी बल्कि आम जनता के मताधिकार को भी खतरे में डाल देगी। उन्होंने कहा कि इतिहास खंगालने पर आरएसएस और बीजेपी की नीयत स्पष्ट हो जाएगी। शहर चेयरमैन वसीम ठाकुर ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया, जिससे करोड़ों दलित, आदिवासी, महिलाएं और वंचित समुदाय आहत हुए, लेकिन सत्ता के अहंकार में उन्होंने अब तक माफी नहीं मांगी। विंसेंट जोयल और सैयद अबरार अली ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने खुलेआम संविधान बदलने की बात की थी, लेकिन जनता ने समझदारी दिखाते हुए उनके मंसूबों को नाकाम कर दिया।

प्रदेश सचिव कुंवर ज़मीर अहमद ने जाति जनगणना के विरोध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मानसिकता पर सवाल उठाया और कहा कि इससे दलित, पिछड़ा और आदिवासी समाज के प्रति उनकी सोच स्पष्ट हो जाती है। इस अवसर पर एटा के जिला चेयरमैन अफजल खां, शहर चेयरमैन लाला अली, कासगंज जिला चेयरमैन डॉ. मोहम्मद अली, शहर चेयरमैन शमशुद्दीन खान उर्फ एस एस ख़ां समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी महोत्सव पर हुआ संकीर्तन, श्रद्धालुओं ने खेली फूलों भरी होली

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





औरंगाबाद/बुलंदशहर। मौहल्ला जाटान स्थित गायत्री सत्संग भवन मंदिर परिसर में सोमवार को बसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। श्री श्यामा श्याम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में खाटूश्यामजी का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड ज्योति प्रचण्ड करने के बाद मंडल के लोकप्रिय स्थानीय गायक कलाकारों ने पंच रस्म अदायगी के साथ की। संकीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्याम बाबा का गुणगान किया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया और भक्ति धारा में जमकर गोते लगाए। कार्यक्रम में राजेश गर्ग टीनू, अजय गोयल, सोनू सैनी, नरेश सैनी, सुरेश पंसारी, राजीव गुप्ता, राजेश गोयल, विशाल वर्मा ने भक्ति गीतों का अजब समा बांधा। बाबा के सेवादारों सोनू गुप्ता और दीपांशु ने पूजा कराई, और आरती, भोग एवं प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन मध्य रात्रि तक हुआ। इस अवसर पर कैलाश कुमार अग्रवाल, ध्रुव कुमार सिंघल, गोलू वर्मा, अजय कुमार, अभिषेक, नितिन गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महाकुंभ भगदड़ हादसे को छुपा रही सरकार, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ प्रयागराज में हुए भगदड़ हादसे को लेकर मंगलवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कांग्रेसियों ने योगी सरकार पर महाकुंभ हादसे को छुपाने का आरोप लगाया और राज्यपाल से मृतकों और घायलों के आंकड़े जारी करने की मांग की। शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी और नरेंद्र चौधरी ने कहा कि महाकुंभ जैसे पवित्र स्थल पर भगदड़ हादसा योगी सरकार की विफलता है। उन्होंने कहा कि सनातनियों और देश के साथ भाजपा सरकार झूठ बोलकर, हादसे को छुपाकर धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्याओं का पाप सरकार को लगेगा।

पूर्व विधायक प्रत्याशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड ने कहा कि योगी सरकार हादसे के मृतकों और घायलों का आंकड़ा तक जारी नहीं कर पाई है, जो सरकार की भूमिका और विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भगदड़ हादसे के जिम्मेदार अफसरों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है और लापता लोगों की सूची भी जारी नहीं की गई है, जो शर्मनाक है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी और पौरुष शर्मा ने कहा कि महाकुंभ जैसे पवित्र स्नान पर भाजपा राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की मौतों को छुपाना और सार्वजनिक न करना धर्मद्रोह है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज हादसे को मैनेज करने के लिए सरकार हर प्रयास कर रही है लेकिन सत्य एक न एक दिन बाहर आकर रहेगा। ज्ञापन देने वालों में शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, नरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक प्रत्याशी शिकारपुर जियाउर्रहमान एड, सुभाष गांधी, डॉ इरफान, पौरुष शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, एसडी शर्मा, आदर्श देव शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ, आशु कुरैशी, शकील अहमद, विमलेश बाल्मिकी, रहमत अली, दुष्यंत, अनुराग शर्मा, सादिक सैफी, साहिल शाह आदि मौजूद रहे।

## मेरठ- बॉलीवुड सिंगर अमित जैन ने धूमधाम से मनाया बसंतोत्सव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



मेरठ के प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर अमित जैन ने अपने परिवार के साथ बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ बसंत महोत्सव मनाया। उन्होंने अपने निवास पर पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था की और अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर परिवार के साथ त्योहार का आनंद लिया।

इस उत्सव में उनके परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए, जिनमें उनके जीजा-जीजी शालू जैन, कपिल जैन, उनके भाई-भाभी, भतीजे-भतीजियां, बड़ी बहनें आशु दीदी, निम्मी दीदी, नीरज जीजा, गौरव जीजा, अरुण भैया, धीरज भैया, मीनाक्षी भाभी और अन्य सदस्य मौजूद रहे। अमित जैन ने इस अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा कर संगीत की देवी को नमन किया। पूरे दिन उनके निवास पर भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही पतंगबाजी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और बड़ों ने मिलकर आनंद उठाया। इस कार्यक्रम के दौरान अमित जैन ने सभी कलाकारों और आम लोगों को संदेश दिया कि चाहे जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, हमें अपने परिवार और परंपराओं के लिए समय निकालना चाहिए। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है, और इस दिन उनकी पूजा करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि आती है।

अमित जैन का यह आयोजन पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बना, जिसने सभी को परिवार के महत्व और त्योहारों की खुशी को साझा करने की प्रेरणा दी।

## एस सी ए मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट द्वारा मनाया गया विश्व कैंसर दिवस




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। यह कैडेट 36 यूपी बटालियन एनसीसी बुलंदशहर के तहत आते हैं। हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाने वाला यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस बीमारी के खिलाफ एकजुट करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दौरान कैडेट्स ने कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के लिए रैली, पोस्टर मेकिंग और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्कूल के चेयरमैन वी के अग्रवाल, डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह, प्रशासक शुभम अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, एएनओ मोनिका राजपूत सहित कैडेट्स सलोनी यादव, पर्व अग्रवाल, गगनदीप, नेहा यादव, आयुषी व अन्य कैडेट्स इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भरण-पोषण वाद सं. 762/2023 - परिवार न्यायालय, बुलंदशहर

परिवार न्यायालय, बुलंदशहर में श्रीमती भावना शर्मा द्वारा अधिनियम 125 सीआरपीसी के तहत भरण-पोषण वाद दायर किया गया है। वादिनी ने अपने पति ऋषभ शर्मा के खिलाफ यह वाद दर्ज कराया है, जिसमें उन्होंने अपने एवं अपने दो वर्षीय पुत्र मासूम दैविक के भरण-पोषण की मांग की है। इस संबंध में न्यायालय ने प्रतिवादी ऋषभ शर्मा को 12 फरवरी 2025 को सुबह 10.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है। उन्हें या तो स्वयं अथवा अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में हाजिर होकर मामले की सुनवाई में भाग लेना होगा और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यह आदेश परिवार न्यायालय, बुलंदशहर द्वारा 30 जनवरी 2025 को जारी किया गया है। न्यायालय द्वारा जारी यह समन भरण-पोषण के अधिकारों की रक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निपटारे हेतु एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया है।

# कोटा थर्मल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता - बॉलीबॉल का फाइनल मेच टीम डी ने जीता





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

कोटा थर्मल में विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के बॉलीबॉल की फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें टीम ए तथा टीम डी के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया मैच के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियन्ता श्रीमान बलजीत सिंह चौधरी रहे इस मौके पर खेल समिति के अध्यक्ष उप मुख्य अभियन्ता श्री सुनित जैन, ज्वाइंट सेक्रेट्री दिनेश मीणा, अरविन्द स्वामी, इंचार्ज थर्मल स्पोर्ट्स क्लब देवेन्द्र विजय, महेश चन्द डागुर एवं सभी खेल समिति के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे टीम ए में कप्तान रजनीश कुर्मी, अनिल मीणा, राजीव उपाध्याय, हेमंत बंजारा, अरविन्द स्वामी, राहुल माहौर, जीतेंद्र मीणा, मुकेश मीणा, देवेन्द्र विजय तथा टीम डी की कप्तान नरेश कुमार नागर, मुकेश जाट, ललित कुमावत, सनत शैषमा, भानु प्रताप सिंह, गौरव मीणा, राजेश मीणा, रफीक मोहम्मद, रामेश्वर कुमार मीणा खिलाड़ी थे। दोनों टीमों के मध्य रोमांचक मैच खेला गया बॉलीबॉल के 5 सेटों के मुकाबले में टीम डी ने शुरुआत के 3 सेटों में टीम ए पर 16 - 12 ,16 - 5 ,16 - 13 से बढ़त बनाकर बॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला 3 - 0 जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच टीम डी के कप्तान नरेश कुमार नागर बने बॉलीबॉल मैच में रैफरी की निष्पक्ष भूमिका श्रीमान माईकल जोज़फ ने निभाई तथा मैच में लाइनमैन अशोक शर्मा तथा दिनेश गौतम ने मैच सम्पन्न करवाया

# जयपुर मैराथन में इंजीनियर अशोक चालाना ने किया कोटा का नाम रोशन - अपने हौंसले से तय किया 43 किलोमीटर का सफ़र






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

जयपुर / कोटा जयपुर में 2 फ़रवरी को आयोजित की गई ए यू मैराथन दौड़ में कोटा थर्मल में कार्यरत उप मुख्य अभियन्ता सिविल अशोक चालाना ने भाग लिया और अपने हौंसले और दृढ़ता से 42.195 किलो मीटर का सफ़र 04:36:52 के समय में पूरा करके 55 से 65 वर्ष की केटीगीरी में सातवाँ स्थान प्राप्त करके कोटा थर्मल ही नहीं बल्कि कोटा शहर का नाम रोशन किया हे इंजीनियर अशोक चालाना कुशल व्यक्तित्व के साथ एक कुशल धावक भी हें जिन्होंने अपने जीवन में ऐसे कई इतिहास रचे हें चालाना की ये उपलब्धि असाधारण और प्रेरणादायक हे गौरतलब हे कि कोविड के समय ये अचानक स्ट्रोक के कारण आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो गये थे हिलने डुलने में भी असमर्थ थे ऐसे मुश्किल समय बीमारी के विरुद्द उनकी महीनों लम्बी जंग उनके साहस होंसले और जिंदादिली को बयान करती हे अपनी पत्नी और बच्चों के सहयोग समर्थन और देखभाल से उन्होंने अपनी इस बीमारी को हराया हे उनकी दृढ़ संकल्पता और साहस का ही परिणाम हे कि वे अपनी बीमारी से उभरे और पूर्णतया स्वस्थ हें और प्रतियोगिता के भागीदार बने इस मैराथन दौड़ में हिस्सा लेकर उन्होंने एक इतिहास रचा हे जो प्रेरणादायी हे इस अवसर पर कोटा पहुँचने पर इंजीनियर अशोक चालाना को कोटा थर्मल में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बधाई दी

## संक्षिप्त समाचार

# फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ने किया सूरजकुंड मेला परिसर का निरीक्षण



फरीदाबाद । आगामी सात फरवरी शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। मंगलवार को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सुरजकुण्ड मेला परिसर का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह व पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर मौजूद रहें। पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा के मद्देनजर दौरा किया और सूरजकुंड मेले की बाउंड्री, वीआईपी पंडाल, वीआईपी गेट के अलावा अन्य सभी गेट व सभी जोन व पार्किग स्थल को चैक किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। मेले की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रयाप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने व अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे से भी निगरानी भी रखी जाएगी। साथ ही अपराधिक तत्वों व मंचलो पर नजर रखने के लिए महिला रेपीडेक्स पुलिस, स्वेट कमांडो व सिविल कपडो में पुलिस कर्मी तैनात किए जाएगे। सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर के सभी गेट, सभी जोन, फूड कोर्ट, वीआईपी पंडाल, और सभी पार्किग स्थल एवं अन्य जगह पर कैमरे लगए गए है जिनको सूरजकुंड स्थित कंट्रोल रूम से जोडा गया है सीसीटीवी निगरानी के लिए पुलिसकर्मी लगाए जाएगें। पुलिस आयुक्त ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को यातायात में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को अहम दिशा निर्देश दिए।

# आतिशी और मनीष सिसोदिया का भाजपा पर आरोप, रमेश बिधूड़ी के लोग...



नई दिल्ली । दिल्ली में चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद साइलेंट पीरियड शुरू हो गया है, लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी के लोग इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। आतिशी ने कहा कि कालकाजी इलाके की गिरी नगर कॉलोनी में बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के लोग झुग्गियों के आसपास घूम रहे थे। जब इसकी शिकायत चुनाव आयोग और पुलिस से की गई तो कार्रवाई करने की बजाय पुलिस ने स्थानीय युवकों सागर मेहता और अस्मित को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया और उन्हें थाने ले गई। आतिशी ने सवाल उठाया कि असली नियम तोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उल्टा शिकायत करने वालों पर ही एफआईआर दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि वह सुबह से चुनाव आयोग के अधिकारी राजीव कुमार से मिलने का समय मांग रही हैं, लेकिन अब तक समय नहीं मिला। मनीष सिसोदिया का हमला आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह नाकाम रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जंगपुरा इलाके में बीजेपी के कार्यकर्ता आप की महिला कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने यह भी कहा कि झुग्गियों में कुछ लोगों को भेजा गया है जो मतदाताओं के वोटर कार्ड इकट्ठा कर रहे हैं ताकि वे मतदान न कर सकें। उन्होंने झुग्गीवासियों को चेतावनी दी कि अगर बीजेपी सत्ता में आ गई तो उनकी झुग्गियां तोड़कर उन्हें बेघर कर देगी। दुर्गेश पाठक बोले—हम पर भी मुकदमा हो सकता है आप नेता दुर्गेश पाठक ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जब एक गाड़ी को रोका, जिसमें सूट केस रखे थे, तो पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय आप कार्यकर्ताओं को ही परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने उन रास्तों की लिस्ट तैयार की है, जहां मतदाताओं को रोका जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि लोकतंत्र को बचाने के लिए उन्हें आगे आना होगा, नहीं तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अगर हम गलत बोल रहे हैं, तो चुनाव आयोग कार्रवाई करे आतिशी ने कहा कि अगर चुनाव आयोग को लगता है कि आप झूठे आरोप लगा रही है, तो उसे वीडियो सबूतों के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोपहर का एक बजने को है, लेकिन अभी तक चुनाव आयोग से मिलने का समय नहीं मिला। क्या चुनाव आयोग पुलिस अधिकारी को सस्पेंड करेगा? मनीष सिसोदिया ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग उस पुलिस अधिकारी को सस्पेंड करेगा, जिसने आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है? उन्होंने बवाना इलाके का भी जिक्र किया, जहां मतदाताओं को धमकाने और बाहर ले जाने की खबरें सामने आई हैं। आप ने चुनाव आयोग और पुलिस पर बीजेपी का पक्ष लेने का आरोप लगाया और कहा कि अगर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।

# विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों व समाजसेवियों ने भी किया सूर्य नमस्कार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**



रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र के कोला अहिरान के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आह्वान पर सूर्य नमस्कार किया गया जहां विधार्थियो, अभिभावकों व स्कूल अध्यापकों में भी उत्साह देखने को मिला जहां सभी ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान विद्यालय के बालक बालिकाओं के साथ साथ गाँव के युवाओं ने भी भाग लिया। दिनेश मेघवाल कोला वाले ने बताया कि हमें बच्चों के साथ फ्रैंडली रहना चाहिए ताकि समय समय पर हम बच्चों को मोटिवेट कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार, योग के प्रमुख अभ्यासों में से एक है. यह एक ऐसा व्यायाम है जो शरीर को सही आकार देने के साथ-साथ मन को भी शांत रखता है. सूर्य नमस्कार करने से शरीर के कई अंगों की गतिशीलता बढ़ती है इस दौरान विद्यालय स्टाफ में रामस्वरूप राठौड़, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश महावर, नरेश मालव, राजेश सैनी, राजेश कुमार, धर्मवीर, सुनीता वर्मा, अंजू नागर मौजूद रहे। विद्यालय स्टाफ द्वारा बताया गया कि दिनेश मेघवाल विद्यालय के हर कार्य में हमेशा तत्पर रहते हैं साथ ही विद्यालय स्टाफ ने दिनेश मेघवाल कोला वाले के सरल स्वभाव की सराहना की इस दौरान शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष आनंदीलाल अहीर, राजेश अहीर, प्रेमचन्द वैष्णव, राजेश अहीर, कन्हैया लाल अहीर, शिवराज अहीर, बालमुकुंद अहीर, राम स्वरूप अहीर, हंसराज अहीर सहित ग्रामवासि मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर निर्धन बच्चों को किया गया पाठ्य सामग्री का वितरण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन।परिक्रमा मार्ग स्थित फ्यूचर फॉर किड्स स्कूल में वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर स्वर्गीय एकांशी की पुण्य स्मृति में निर्धन व असहाय बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत बालकराम गोस्वामी ने कहा कि अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा के साधन उपलब्ध कराना ही वास्तव में मां सरस्वती की सच्ची आराधना है। जब निर्धन बच्चों को पढ़ने का मौका हम देंगे, तो निश्चित रूप से मां सरस्वती की उपासना सार्थक रूप में सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति, उत्तर प्रदेश के संस्थापक पंडित आशीष गौतम ने कहा कि आधुनिक समय में भी हमारे समाज में बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य समाज के सभी वर्गों को तन, मन, धन से करना चाहिए। विशिष्ट स्थिति एडवोकेट अमित गौतम ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और जब हम अपने अपने देश के भविष्य (बच्चों) के वर्तमान को मजबूत करेंगे, तभी हम भारत के स्वर्णिम भविष्य की परिकल्पना कर सकते हैं।

इस अवसर पर पार्थ कृष्णा गौतम, पूर्णेन्दु गोस्वामी, विष्णु शर्मा, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, डॉ सचिन अग्रवाल, गोकुल शर्मा, चैतन्य कृष्ण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, चन्द्रनारायण शर्मा, कौस्तुभम, राकेश आदि उपस्थित थे।

# फरीदाबाद में चल रहे अवैध बाजार बंद करवाने के निर्देश




फरीदाबाद । नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सरकार द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की शिकायतों को प्राथमिकता से सुनकर उनका निवारण किया जाता है। मौके पर ही शिकायतों को जल्द से जल्द निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं ताकि प्रार्थी की समस्या को जल्द दूर किया जा सके। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र में अवैध रूप से लगने वाले सभी अवैध बाजारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बता दे कि करीब 15 दिन पहले निगम कमिश्नर ने नगर निगम के सभी जॉइंट कमिश्नर्स को आदेश दिए कि अवैध रूप से बाजार लगाने और उनको लगवाने में मदद करने वालों की पहचान के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिससे बाजार में दुकान लगाने वाले गरीब लोगों की रोजी रोटी पर संकट बन गया था क्योंकि निगम प्रशाशन द्वारा सभी साप्ताहिक बाजार बंद के दिए थे। इसी मामले में समाधान शिविर में आज सैंकड़ों लोग निगम कमिश्नर से मिले और अपना पक्ष रखा। समाधान शिविर में निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास से सैकड़ों की संख्या में इक्कठे होकर बाजार लगाने वाले दुकानदार बोले नियमों को ध्यान में रखकर ही वे बाजार लगाते हैं । उन्होंने शिकायत में कहा कि एक दम्पति बाज़ार वालों से पैसे ना देने पर निगम अधिकारियों को झूठी शिकायत देकर उनके बाजार बंद करा देते हैं। जबकि वे सभी नियमों को ध्यान में रखकर ही बाजार लगाते हैं। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास का कहना है कि इस मामले में कार्रवाई अमल में लाइ जाएगी, बाजार लगाने वालों की दस आदमियों की कमेटी कल बुधवार को जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग से मिलेगी, इनकी समस्या का जल्द समाधान निकाला जाएगा इस मामले में बाजार लगाने वालो से नाजायज़ रूप से एक दंपति द्वारा पेसे इक्कठे करने की भी शिकायत मिली हे जिसके उपर कार्यवाही की जाएगी,इससे पहले भी कई लोग इस मामले को लेकर उनसे मिले थे । निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि समाधान शिविर में शहरवासियों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है।

# पीएम मोदी ने भाजपा विधायक करसनभाई सोलंकी के निधन पर जताया दुख, कहा- वह हमेशा याद किए जाएंगे

नई दिल्ली । गुजरात के भाजपा विधायक करसनभाई सोलंकी का मंगलवार को 57 साल की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। उनके निधन पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने अपने एक्स पर लिखा, गुजरात विधानसभा के सदस्य करसनभाई सोलंकी के निधन की खबर स्तब्ध करने वाली है। उन्हें उनके सादगी भरे जीवन और वंचितों के कल्याण के लिए की गई सेवा के लिए हमेशा याद किया जाएगा। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना। इस बीच, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल समेत कई नेताओं ने भाजपा विधायक के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दरअसल, करसनभाई सोलंकी के पार्थिव शरीर को उनके मेहसाणा स्थित निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इस दौरान सीएम भूपेंद्र पटेल, कैबिनेट मंत्री भानुबेन बाबरिया, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेष पटेल ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा रजनी पटेल और नितिन पटेल ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को सांत्वना दी। पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन पटेल ने कहा कि विधायक करसनभाई सोलंकी कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे और उनका अहमदाबाद के कैंसर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। आज उनका निधन हो गया है। इससे पहले करसनभाई सोलंकी के निधन पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दुख जताया है। उन्होंने अपने एक्स पर पोस्ट में लिखा, कडी विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी विधायक करसन भाई सोलंकी के निधन पर शोक। वह अपने सरल एवं सौम्य स्वभाव तथा सरल व्यवहार के लिए सदैव याद किए जाएंगे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिवार और समर्थकों को यह दर्द सहने की शक्ति दे। ओम शांति।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भी भाजपा विधायक करसनभाई सोलंकी के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट कर कहा, कडी विधायक श्री करसनभाई सोलंकी के दुखद निधन से दुखी होकर, मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। उनके द्वारा की गई सेवाएं सदैव याद रहेंगी।

# दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर मतदाता सूचना पर्ची सौंपी



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए बुधवार सुबह से मतदान शुरू हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से बनाए रखने के सभी इंतजाम करीब-करीब पूरे हो चुके हैं। मंगलवार दोपहर से तमाम मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के कर्मचारी ड्यूटी के लिए रवाना हो चुके हैं। उधर, दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उनकी मतदाता सूचना पर्ची सौंपी। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी (नई दिल्ली) सनी कु. सिंह और बूथ लेवल अधिकारी सुरेश गिरी थे। उन्होंने राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता और सुविधा प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि मतदाता सूचना पर्ची में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का सुचारू रूप से प्रयोग करने में सहायता करने के लिए आवश्यक विवरण शामिल होता है। चुनाव आयोग ने दिल्ली के सभी पात्र मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 5 फरवरी को अपना वोट डालने की अपील की है।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दी भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक को जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद के बजट सत्र के दौरान भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक को उनके जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने उनकी उपलब्धियों के बारे में भी बताया।

जगदीप धनखड़ ने फांगनोन कोन्याक को बधाई देते हुए कहा, वह सामाजिक न्याय और लोक कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता वाली एक होनहार राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। एस. फांगनोन कोन्याक अप्रैल 2022 से इस सदन की सदस्य हैं और वर्तमान में अपना पहला कार्यकाल पूरा कर रही हैं। जगदीप धनखड़ ने कहा, इस सदन में उनका चुनाव ऐतिहासिक था। वह नागालैंड से राज्यसभा के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बनीं। संसद के किसी भी सदन या राज्य विधानसभा के लिए चुनी जाने वाली वह राज्य की दूसरी महिला हैं। उन्होंने उपाध्यक्ष के पैनल में सेवा देकर फिर से इतिहास रच दिया, यह सम्मान पाने वाली वह नागालैंड की पहली महिला बनीं। सामुदायिक सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा, फांगनोन कोन्याक ने नागालैंड के कई गांवों में बड़ी संख्या में स्कूल ड्रॉपआउट को दाखिला दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों ने उनके उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में मदद की है और एचआईवी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने में उनके प्रयासों ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बता दें कि भाजपा की राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक पिछले दिनों उस समय सुर्खियों में आई थीं, जब उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था।

इससे पहले उन्होंने साल 2023 में राज्यसभा की अध्यक्षता की थी। उन्होंने 17 जुलाई, 2023 को उपाध्यक्षों के पैनल में नागालैंड से नियुक्त होने वाली पहली महिला सदस्य बनकर इतिहास रचा था।

# फरीदाबाद- वाटर टैंक में मिला व्यक्ति का शव



फरीदाबाद । फरीदाबाद के सरूरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित थर्माकोल कंपनी में मंगलवार को एक व्यक्ति का शव पानी के टैंक में मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है, जो नेकपुर क्षेत्र का रहने वाला था और उसने आमोद पैकर्स कंपनी में नया काम शुरू किया था। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। नेकपुर क्षेत्र में रहने वाले प्रिंस ने बताया कि उनके पिता राजेश सोमवार शाम पांच बजे तक कंपनी में काम करते हुए देखे गए थे। इसके बाद से उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ था। जब वह पिता की तलाश में कंपनी पहुंचे, तो कंपनी मालिक ने उन्हें धमकी दी कि अगर उनके पिता नहीं मिले तो उन पर चोरी का आरोप लगा देंगे। प्रिंस ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने जानबूझकर उनके पिता की मौत की जानकारी छिपाई। लंबी खोजबीन के बाद उन्हें पिता का शव कंपनी के पानी टैंक में मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भेज दिया है। थाना मुजेसर की संजय कॉलोनी पुलिस चौकी इंचार्ज बिजेंद्र ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों की मांग है कि पुलिस यह पता लगाए कि आखिर उनके पिता की मौत कैसे हुई और कंपनी प्रबंधन ने इस घटना को क्यों छिपाने का प्रयास किया।